
सुप्रभात
रांची, शनिवार
22.04.2023
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
ईद मुबारक
* नगर संस्करण I पेज : 12 khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 I वर्ष : 10 I अंक : 277 6 मन की बात : स्वच्छ भारत अभियान का संकल्प वाहक






सुप्रभात
रांची, शनिवार
22.04.2023
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
ईद मुबारक
* नगर संस्करण । पेज : 12 khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 277
06 कोरोना के कहर से बचने को करें कुछ विशेष योग

## न्यूज डायरी

### वज्रपात की खतरनाक तस्वीर कैमरे में कैद



**पलामू।** जिला में 43 डिग्री तापमान के बीच वज्रपात हुई है। कैमरे में इसकी भयावह तस्वीर कैद हुई है। पिछले एक सप्ताह से पलामू का तापमान लगातार 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा है।

### राज्यपाल ने विकास भारती की सराहना की

**गुमला।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को जिले के बिशुनपुर ब्लॉक स्थित विकास भारती के सिनगी दई वन विकास केंद्र शिलान्यास एवं कुशल कारीगर कौशन उन्नयन कार्यक्रम में शामिल हुए। बैगा-पुजार द्वारा पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने बलातु गांव में सिनगीदई वन विकास केंद्र की आधारशिला रखी।

### ट्रक-हाइवा की भिड़ंत में दोनों चालकों की मौत

**दुमका।** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के दुमका-पाकुड़ मुख्य मार्ग पर रामपुर के समीप आधी रात को तेज रफ्तार कोयला लदा हाइवा और पान मसाला लदे ट्रक की भिड़ंत में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गयी है। दोनों वाहनों के चालक केबिन पर फंसे रहे।

### एनडीआरएफ टीम ने युवक का शव निकाला

**हजारीबाग।** पदमा के चमेली खदान से 27 घंटे की अथक मेहनत के बाद एनडीआरफ की टीम ने शुक्रवार को खदान में डूबे युवक प्रिंस (17) के शव को ढूंढ निकाला है। युवक गुरुवार को खदान में नहाने के दौरान डूब गया था।

### गोधरा ट्रेन अग्निकांड के आठ दोषियों को जमानत

**नयी दिल्ली।** गुजरात में 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में आठ आजीवन कारावास की सजा काट रहे दोषियों को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जमानत दे दी। लेकिन अन्य चार दोषियों को मामले में उनकी भूमिका को देखते हुए बरी करने से इनकार कर दिया गया।

### मुख्तार अंसारी की पत्नी के विरुद्ध लुकआउट नोटिस

**मऊ।** मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशा अंसारी के खिलाफ शुक्रवार को मऊ पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी कर दिया। भारत की सभी सीमाओं पर इसकी सूचना भेज दी गयी है।

### धनबाद के होटल में लगी भीषण आग

**धनबाद।** तोपचांची थाना क्षेत्र के एक निजी होटल में अचानक आग लग गयी। इससे होटल को काफी नुकसान हुआ है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |




# ईद आज

**रांची (खबर मन्त्र)।** एदार-ए-शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने शुक्रवार को कहा कि अलविदा जुमे की शाम राज्य के अधिकांश भागों में ईद उल फितर का चांद नजर आया। इसकी पुष्टि काजीयाने शरीयत दारुल कजा एदार ए शरीया झारखंड ने की। चांद दिखने के बाद मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने 22 अप्रैल को पूरे राज्य में ईद उल फितर की नमाज अदा करने की घोषणा की। एदार-ए-शरीया झारखंड ने राजधानी के बाबा रेसालदार परिसर समेत राज्य के लगभग सभी जिलों में ईद का चांद देखने की व्यवस्था की थी। (शेष पेज 11 पर)

**सिविल सर्विस डे : सीएम ने अफसरों को दिया राज्य की तरक्की का मंत्र, कहा**

# जनता से करें संवाद, राज्य हित में आपकी भूमिका अहम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य को बेहतर दिशा देने में लोक सेवकों की भूमिका अहम है। श्री सोरेन शुक्रवार को सिविल सर्विसेज डे पर प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग कार्यपालिका के ऐसे हिस्सेदार हैं, जिसके बगैर राज्य की व्यवस्था चलाना संभव नहीं है। आप सभी के कंधों पर तमाम चुनौतियों के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारियां भी हैं।

राज्य के लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्ययोजनाएं बनाने की जिम्मेदारी आप सभी पर है। किसी भी राज्य अथवा देश तभी मजबूत हो सकता है, जव वहां की कार्यपालिका सक्षम हो। लोक सेवकों का कार्य करने का दायरा बहुत बड़ा है। झारखंड में 2000 लोक सेवकों का स्ट्रेंथ है। जरूरत है कि हम सभी लोग अपने कार्यों को ईमानदारी, संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ पूरा करें। (शेष पेज 11 पर)



### ग्रामीण जनता से उनकी ही भाषा में संपर्क बढ़ायें

सीएम ने कहा कि लोक सेवक झारखंड की भौगोलिक बनावट से भली-भांति परिचित हैं। यहां एसटी-एससी बहुल आबादी वाला राज्य है। झारखंड देश के पिछड़े राज्यों की गिनती में आता है। झारखंड में प्रकृति ने अपार संपदा दी है। राज्य प्राकृतिक सौंदर्य एवं बहु प्रतिभा मानव बल के लिए भी जाना जाता है। सरकार की योजनाएं तभी सफलतापूर्वक धरातल पर उतर सकती हैं जब अधिकारी जनता के रहन-सहन तथा भाषा, संस्कृति के साथ समन्वय बनायेंगे। जब तक स्थानीय लोगों के साथ आप भाषा का समन्वय नहीं बनायेंगे तब तक उनके बीच चीजों को ठीक से नहीं रख पायेंगे। सभी लोक सेवकों से आग्रह किया कि राज्य की जनता के साथ कम्युनिकेशन बनाते हुए विकास के पहिये को आगे बढ़ायें।

# गुमला ने बढ़ाया झारखंड का गौरव

## सिविल सर्विस डे पर मोदी ने डीसी को दिया एक्सीलेंस अवार्ड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला, नयी दिल्ली।** सिविल सर्विस डे पर पीएम मोदी ने शुक्रवार को गुमला जिला प्रशासन को उनके बेहतरीन कार्य के लिए सम्मानित किया। गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव को दिल्ली के विज्ञान भवन में पीएम मोदी के हाथों लोक प्रशासन में उत्कृष्ट कार्य के लिए पीएम अवार्ड दिया गया। जिले में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया है। समारोह के दौरान विज्ञान भवन सभागार में देश के कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा कई राज्यों के आमंत्रित पदाधिकारी मौजूद थे। ऐसे महत्वपूर्ण मंच से गुमला जिले के कार्यों की सार्वजनिक प्रशंसा निश्चित रूप से जिले की पूरी टीम तथा जिले के निवासियों के साथ झारखंड के लिए गर्व की बात है। सीएम हेमंत सोरेन ने भी गुमला जिला प्रशासन और सभी लोगों को बधाई दी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ से अवार्ड लेते उपायुक्त सुशांत गौरव।

### अवार्ड जिले के लोगों को किया समर्पित

पीएम के हाथों अवार्ड स्वीकारने के बाद उपायुक्त सुशांत गौरव ने इसे जिले वासियों के नाम समर्पित किया। श्री गौरव ने मोबाइल संदेश भेजकर जिले के पदाधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। साथ ही कहा कि उन्हें आशा है कि जिले के सभी पदाधिकारी और कर्मचारी मिलकर ऐसी सफलताओं की आगे भी पुनरावृति करते रहेंगे।

### उम्मीदों से देख रही है दुनिया आप मौका चूकें नहीं : मोदी

मौके पर पीएम मोदी देश भर के प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि आज पूरी दुनिया, भारत की ओर उम्मी भरी नजरों से देख रही है। लोक सेवकों के छोटे से छोटे फैसलों का आधार भी देश हित होना चाहिए। हर फैसले से पहले जरूर सोचें कि सत्ता में बैठी राजनीतिक पार्टियां सरकारी धन का इस्तेमाल देश के विकास में कर रही हैं या अपने दल के विस्तार में या फिर वोट बैंक बनाने के प्रयास में वह उसे लुटा रही हैं। मोदी ने उनसे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को विस्तार देने का आग्रह करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा नहीं किया तो देश का धन लुट जायेगा। करदाताओं के पैसे बर्बाद हो जायेंगे और युवाओं के सपने चकनाचूर हो जायेंगे। (शेष पेज 11 पर)

# कोरोना में तेजी : आठ राज्यों को अत्यधिक सतर्क रहने का निर्देश

➲ **देश भर में 24 घंटे में 11,000 से अधिक नये मरीज**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना संक्रमण के 11 हजार से ज्यादा नये मामले सामने आये हैं। इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 66 हजार से अधिक हो गयी है। केंद्र सरकार ने कोविड संक्रमण में तेज वृद्धि को देखते हुए दिल्ली, तमिलनाडु और केरल समेत आठ राज्यों को अत्यधिक सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। उन्हें कहा गया है कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयारियां पूरी रखें। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव राजेश भूषण ने शुक्रवार को बताया कि यूपी के पांच, तमिलनाडु के 23, राजस्थान के 17, महाराष्ट्र के 17, केरल के 14, कर्नाटक के एक, हरियाणा के 18 और दिल्ली के 11 जिलों में कोविड संक्रमण की दर पांच प्रतिशत या दस प्रतिशत से अधिक दर्ज की गयी। श्री भूषण ने कहा है कि सभी राज्यों को कोविड संक्रमण से बचाव और इसके प्रकोप से निपटने की तैयारियां करनी चाहिए।

### आग बुझाने पारसनाथ पर्वत पर चढ़े ग्रामीण

**गिरिडीह।** पवित्र पर्वत पारसनाथ के अलग-अलग स्थानों पर लगी आग निरंतर बढ़ती जा रही है। आग पर्वत के कई स्थानों तक फैल चुकी है। सैकड़ों पेड़-पौधे जल चुके हैं। कितने जीव जंतु को नुकसान हुआ है, इसका आकलन नहीं हो सका है। इस बीच आग बुझाने के लिए पर्वत की तराई में अवस्थित गांव के करीब 300 लोग पर्वत पर चढ़े हैं। मकर संक्रांति मेला समिति के सदस्यों के साथ डुमरी एसडीओ प्रेमलता मूर्मू, एसडीपीओ मनोज कुमार, स्थानीय थाना प्रभारी के अलावा वन विभाग की टीम भी आग बुझाने पर्वत पर डंटी है।

# रजिस्ट्री ऑफिस में इडी का छापा

➲ **माइनिंग लीज के दस्तावेज की खोज**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी में सेना की जमीन घोटाले मामले का उजागर होने के बाद शुक्रवार की शाम इडी की टीम ने रजिस्ट्री ऑफिस में छापेमारी की। जिसमें इडी की टीम जमीन से जुड़े वैसे मामले की जांच कर रही है, जिन्हें पावरफुल भू माफिया और अधिकारियों के गंठजोड़ से हड़प कर बेच दिया गया। शुक्रवार की शाम इडी की दो सदस्यीय टीम कचहरी चौक स्थित रजिस्ट्री ऑफिस पहुंची। इडी सूत्रों के मुताबिक, इडी की टीम वहां रांची में माइनिंग से जुड़े दस्तावेज की तलाश में गयी थी। टीम ने रांची में अवैध खनन और माइनिंग पट्टा से संबंधित दस्तावेज को अपने साथ ले गयी। बताया यह भी जा रहा है इडी सैन्य जमीन घोटाला से संबंधित नकल लेने के लिए वहां पहुंची। ऑफिस से अधिकारियों ने नकल लिया और अपने साथ लेते गये। इधर, इडी की टीम ने कोलकाता रजिस्ट्रार कार्यालय के भूमि रजिस्टरों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है। जांच रिपोर्ट एक दो दिनों में आने की उम्मीद है।

## छवि रंजन का आवेदन अस्वीकृत बुलाये गये एजेंसी के दफ्तर

**नियत समय पर पहुंचें : इडी** – **मैं पितृत्व अवकाश पर हूं : छवि**



**रांची।** आइएएस अधिकारी और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के समक्ष पेश नहीं हुए। इससे पहले इडी ने छवि रंजन को दो सप्ताह का समय देने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बजाय इडी ने उन्हें शुक्रवार शाम चार बजे पेश होने को कहा था। हालांकि छवि रंजन इस समय सीमा का भी पालन करने में विफल रहे। उन्होंने इडी को कहा है कि वे अभी पितृत्व अवकाश पर हैं, इसलिए हाजिर नहीं हो सकते। इडी ने छवि रंजन से पूछताछ के लिए अभी कोई नई तारीख तय नहीं की है।

गौरतलब हो कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इडी ने समन भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन सरकार से उन्हें पहले ही 17 अप्रैल से लेकर 1 मई तक पितृत्व अवकाश की स्वीकृति मिल चुकी थी। इसलिए उन्होंने आवेदन देकर मई के पहले हफ्ते के बाद का वक्त देने का निवेदन किया है। गौरतलब है कि छवि रंजन 15 जुलाई, 2020 से 11 जुलाई, 2022 तक रांची डीसी थे। वह झारखंड कैडर के दूसरे आइएएस अधिकारी हैं, जिनके खिलाफ इडी ने पिछले एक साल में छापेमारी की है।

**सेना घोटाले में 50 करोड़ रुपये का हुआ बंदरबांट :** जमीन घोटाले की जांच अब इडी के करने के बाद अब यह घोटाला भी अरब के पार का है। घोटाले में बड़े-बड़े लोगों को सिर्फ इसलिए फायदा पहुंचाया गया ताकि आर्मी की बेशकीमती जमीन को हासिल किया जा सके। जानकारी के अनुसार इस डील को सिर्फ मैनेज करने के नाम पर ही 50 करोड़ से ज्यादा रुपये बांटे गए। सत्ता के पावर ब्रेकर कहे जाने वाले प्रेम प्रकाश भी इस डील में सीधे तौर पर जुड़ा हुआ था। (शेष पेज 11 पर)

# अलकायदा ने भारत को धमकाया, कहा अतीक की मौत का बदला जरूर लेंगे

➲ **सात पन्ने का धमकी भरा मैगजीन जारी किया**


**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** माफिया से नेता बने अतीक अहमद को लेकर लगातार कई खबरें सामने आ रही हैं। इस बीच ताजा खबर जो आ रही है उसने सबको चौंका दिया है। प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-कायदा ने अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में भारत को धमकी दे डाली है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारत के खिलाफ सात पन्नों की एक मैगजीन अल-कायदा ने जारी कहा है कि वह अतीक-असरफ हत्याकांड का भारत से बदला लेगा। पूरे देश में 22 को ईद का त्योहार है। इस त्योहारी मौसम में अलकायाद ने एक बार फिर भारत को धमकाने का प्रयास किया है। (शेष पेज 11 पर)

### पटना में अतीक के पक्ष में नारेबाजी



इस बीच बिहार की राजधानी पटना में रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा की नमाज के बाद उत्तर प्रदेश में मारे गये गैंगस्टर अतीक अहमद के पक्ष में जमकर नारेबाजी की गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भी खूब नारेबाजी की गयी। यह घटना पटना रेलवे स्टेशन से सटे जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज के बाद हुआ। सुरक्षा के लिए वहां पुलिस बल तैनात थी लेकिन पुलिस के जवानों ने नारेबाजी करने वालों से दूरी बनाये रखी। पटना की जामा मस्जिद के बाहर अलविदा की नमाज के बाद कुछ लोग अचानक अतीक अहमद के समर्थन में नारे लगाने लगे। नमाज पढ़ कर उठे लोगों में से एक समूह ने सड़क पर ही नारेबाजी करनी शुरू कर दी। नारेबाजी का नेतृत्व कर रहे रईस गजनवी ने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज हमने दुआ किया... या अल्लाह, अतीक अहमद की शहादत को कबूल फरमा। उन्हें योगी सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से मरवाया। अतीक अहमद हमारी नजर में वह शहीद हो गया।



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# ‘वाजिब दाम, विश्वमान’ मूलमंत्र के जरिये संस्थापक की सोच को विश्व स्तर पर ले जायेगी श्रीलेदर्स : शेखर डे

### श्रीलेदर्स परिवार ने अपने संस्थापक सुरेश चंद्र डे की जयंती मनायी



संस्थापक स्व. सुरेश चंद्र डे की तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलित करते श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे,वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्र और पूरबी पाल।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हर साल 21 अप्रैल को श्रीलेदर्स परिवार अपने संस्थापक सुरेश डे के जन्म दिन को संस्थापक दिवस के रुप में धूमधाम से मनाता आ रहा है। अपनी कर्मभूमि जमशेदपुर से ताल्लुक रखने वाले जोशपूर्ण युवा सुरेश दा ने जब जवानी की दहलीज पर कदम रखा तब देश स्वाधीनता संग्राम की ज्वाला में धड़क रहा था, युवा खून उबाल पर था और इसी जोश में चंद साथियों के साथ सुरेश दा ने अंग्रेजों से मुकाबला करने का संकल्प ले लिया, सशस्त्र अंग्रेजी सेना से निहत्थे लड़ना उन्हें मंजूर नहीं था, इसलिए चटगांव जो अब बांग्लादेश में है का शस्त्रागार लूट लिया और सशस्त्रधारी हो गए। बौखलाई ब्रिटिश सेना ने आक्रमण किया, जलालाबाद की पहाड़ियों पर तपती गर्मी में भूखे प्यासे रहते हुए भी सुरेश दा और उनके साथियों ने घुटने नहीं टेके। मास्टर दा सूर्य सेन के नेतृत्व में संघर्ष हुआ कई जख्मी हुए और कईयों ने मौत को हंसते हुए गले लगाया। सुरेश दा को बाएं हाथ पर गोली लगी, मरा समझकर सभी छोड़ गए थे, पर सुरेश दा के जीवन का मकसद अभी अधूरा था, कुछ समय बाद गिरफ्तारी हुई पर साक्ष्य के अभाव में जेल से रिहा हो गए। जब देश आजाद हो गया तब सन 1952 में उनके द्वारा जमशेदपुर के साकची में श्रीलेदर्स की स्थापना हुई, आज 70 साल से अधिक हो गए, सुरेश दा अब हमारे बीच नहीं है पर उनके आदर्शों और उनकी बातों पर श्रीलेदर्स परिवार आज भी कायम है। उक्त बातें श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने बिष्टुपुर, के रोड स्थित श्रीलेदर्स शोरूम में आरोजित सुरेश डे की जयंती पर कही। शेखर डे ने बताया आज हम अपने संस्थापक के पदचिन्ह पर चल कर आगे बढ़ रहे है। जमशेदपुर की पहचान दो कंपनियों से है, एक टाटा स्टील और दूसरा श्रीलेदर्स! संस्थापक सुरेश डे की दो मूल मंत्र वाजिब दाम-विश्वमान को श्रीलेदर्स परिवार आगे बढ़ाने में लगी हुई है। आज श्रीलेदर्स के शोरूम देश के हर कोने के साथ विदेशों में भी स्थापित हो चुकी है। कहा विश्व युद्ध के बाद जापान जिस प्रकार आगे बढ़ा है उसी प्रकार श्रीलेदर्स भी अपना दो पंख के सहारे अपने व्यवसाय को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने में लगा है, जिसमे एक तरफ संथापक सुरेश डे और दूसरी तरफ उनकी धर्मपत्नी किरणमय डे का योगदान है। आज उनकी जयंती पर हम उन्हें नमन करते है।

### श्रीलेदर्स ने समय के साथ किया बदलाव : सुशांतो डे

इस मौके पर अपने दादा और संस्थापक सुरेश डे को नमन करते हुए श्रीलेदर्स के पार्टनर सुशांतो डे ने कहा कि हमे अपने पुर्वजों के बलिदान को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्य का अनुश्रण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। श्रीलेदर्स समय और बाजार में उपलध्य तकनीकी का उपयोग कर अपने व्यवसाय बढ़ाने में विश्वास रखती है। आज हम ई कॉमर्स प्लेटफार्म के जरिए देश के कोने कोने में अपने उत्पाद को पहुंचा रहें है। वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्र ने इस मौके पर कहा कि क्रांति के पथ से गुजरने वाले शख्स थे स्व. सुरेश चंद्र डे। उन्होंने न सिर्फ अंग्रेजों से देश को आजाद कराने के लिए स्वाधीनता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई बल्कि आजादी के बाद देश व समाज को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए एक स्टार्ट अप श्रीलेदर्स फुटवियर की स्थापना की जो आज देश स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। इस अवसर पर श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे, सुशांतो डे, ज्योस्तना डे, पी के नंदी, अरिजीत सरकार, गोविंद राव के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिज़ाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड**
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834031, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



**कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,पलामू।**
(जिला विकास शाखा)

Ph. No.- 06562-224021 E-mail-ddc-pal@nic.in

**अति अल्पकालीन–निविदा**

DMFT Cell पलामू में कर्मियों एवं आगंतुक अतिथियों के उपयोग हेतु आवश्यक सामग्रियाँ निविदा के माध्यम से क्रय की जानी है। सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से मुहरबन्द निविदा दिनांक 04.05.23 के अपराहन् 01:00 PM बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छूक आपूर्तिकर्त्ताओं को दो अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफे में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड दिनांक 04.05.23 के अपराहन् 01:00 PM बजे तक जिला विकास शाखा, समाहरणालय, ब्लॉक–सी0 पलामू में समर्पित करना होगा। फर्मो से प्राप्त निविदा को दिनांक–.04.05.23 को अपराहन–03:00 PM बजे समाहरणालय पलामू (Block-A) के सभाकक्ष में निविदा –सह– क्रय समिति के समक्ष खोला जायगा।

निविदा से सम्बन्धित शर्तो, विस्तृत जानकारी तथा सामग्रियों की सूची एवं विशिष्टियों का अवलोकन जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in पर अथवा जिला विकास शाखा, पलामू से प्राप्त किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू।

PR 295707 District(23-24)D



**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी**
(अभियंत्रण शाखा)

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 29/2023-24 PR No-295316(District) 2023-24(D) द्वारा प्रकाशित निविदा में महत्वपूर्ण तिथियों को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

| क्र. | | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.04.2023 अपराहन 05:00 बजे | 24.04.2023 अपराहन 12:00 बजे |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि | 24.04.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। | 29.04.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि | 25.04.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक | 02.05.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 26.04.2023 अपराह्ण 01:00 बजे | 03.05.2023 अपराह्ण 01:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगे।

ह०/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, खूँटी

PR 295708 Police IG STF(23-24).D


# चांद का हुआ दीदार, आज धूमधाम से मनायी जायेगी ईद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



मदीना मस्जिद, धातकीडीह में अलविदा जुमे की नमाज अदा करते मुस्लिम धर्मावलंबी।

**जमशेदपुर।** ईद के चांद का आज दीदार हो गया, शनिवार को जमशेदपुर समेत पूरे देश में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया जायेगा। चांद देखने की घोषणा इमारत-ए-शरिया के जमशेदपुर प्रमुख मौलाना सउद आलम काशमी ने कहा है, आज 29 रमजान-उल-मुबारक 1444 हि.मुताबिक 21 अप्रैल 2023 को शव्वाल का चांद हो गया है। इसलिए ईद-उल-फित्र 22 अप्रैल 2023 ई. हो होगी। उन्होंने तमाम देशवासियों को ईद की शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं। दूसरी ओर, आज जुम्मे की आखिरी नमाज मुस्लिम समाज ने बड़े ही अकीदत के साथ अदा की। नमाज के दौरान प्रशासन ने विधि-व्यवस्था बनाये रखने की पूरी तैयारी की थी। इधर, ईद को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। ईद के अवसर पर संवेदनशील इलाकों में 217 दंडाधिकारी के साथ लगभग 2000 पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में रेपिड एक्शन फोर्स के जवान भी तैनात रहेंगे। जिला पुलिस बल को भी विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा गया है और सीसीटीवी एवं ड्रोन से पूरे शहर में नजर रखी जा रही है। इधर मुस्लिम समुदाय में रमजान महीने के अंतिम जुम्मे के दिन बड़े ही अकीदत के साथ नमाज अदा की और देश एवं राज्य की खुशहाली के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। इस साल कुल 5 जुम्मे की नमाज अदा की गई है। जमशेदपुर में आज ईद मनाई जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### जैस्मिका बास्के ने लिया डीडीएम, नाबार्ड का पदभार



जैस्मिका बास्के का स्वागत करते निवर्तमान डीडीएम सिद्धार्थ शंकर।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां के जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड के रूप में जैस्मिका बासके ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान जिला विकास प्रबंधक सिद्धार्थ शंकर, का पदस्थापन नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय रांची में हुआ है। शंकर ने नए डीडीएम को बेहद सक्षम पदाधिकारी बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में नाबार्ड के विभिन्न नई योजनाओं को विस्तार और तीव्रता मिलेगी।

### एक्सएलआरआइ ने जीता इएफएमडी ग्लोबल केस राइटिंग कंपीटीशन

**जमशेदपुर।** जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एक्सएलआरआई) ने प्रतिष्ठित ईएफएमडी (यूरोपियन फाउंडेशन फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट) ग्लोबल केस राइटिंग कंपीटीशन अवार्ड 2022 जीता है। एक्सएलआरआई केस रिसर्च एंड सिमुलेशन डेवलपमेंट सेंटर (एक्सएल–सीआरएसडीसी) की ओर से पिछले दिनों एक केस स्टडी की गयी थी। जिसे संस्थान के प्रोफेसर त्रिलोचन त्रिपाठी व प्रोफेसर बेणुधर साहू ने लिखा है। उक्त केस स्टडी को अमेरिका के द अमेरिकन यूनिवर्सिटी इन काहिरा (एयूसी) के स्कूल ऑफ बिजनेस ने मिडिल इस्ट एंड नॉर्थ अफ्रीका बिजनेस केटेगरी में सर्वश्रेष्ठ केस स्टडी करार दिया है। एक्सएलआरआई की ओर से बताया गया कि उक्त केस स्टडी में यूएइ की एक फर्म ट्रकर के बिजनेस मॉडल को लेकर एक रिसर्च की गयी है। जिस रिसर्च में इस बात का उल्लेख किया गया है कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) व मशीन लर्निंग (एमएल) का इस्तेमाल कर ट्रकर के बिजनेस मॉडल में अमूल चूल परिवर्तन किया गया। एआइ व एमएल के इस्तेमाल से अपने ग्राहकों तक तेजी से कैसे किसी त्रुटि के पहुंचा जा सकता है, इससे संबंधित केस स्टडी को तैयार किया गया था। साथ ही इसके जरिये इनोवेटिव आइडिया को धरातल पर उतारने से पूर्व किये जाने वाले रिसर्च को भी बारिकी से उल्लेख किया गया है। इस अवार्ड को जीतने के बाद एक्सएलआरआई केस रिसर्च एंड सिमुलेशन डेवलपमेंट सेंटर के एसोसिएट डीन प्रोफेसर त्रिलोचन त्रिपाठी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आयोजित केस स्टडी इस कंपीटीशन में पूरी दुनिया के बिजनेस स्कूलों की ओर से केस स्टडी प्रस्तुत किया गया था। जिसमें एक्सएलआरआई को यह सम्मान मिला, यह अपने आम में नायाब अनुभव है। एक्सएलआरआई ने अपनी गुणवत्ता को एक बार फिर वैश्विक स्तर पर साबित किया। वहीं, प्रोफेसर बेणुधर साहूने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता का हिस्सा होना ही काफी गौरवमयी क्षण था।

### जिलिंगगोड़ा डैम में डूबा बर्मामाइंस का युवक

**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना अंतर्गत जिलिंगगोड़ा डैम में डूबने से बमार्माइंस कैरेज कॉलोनी निवासी बी बंशी (18) की मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम की है। घटना की सूचना पाकर गम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंची और लगभग दो घंटे की मेहनत के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से बंशी के शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार बंशी अपने दोस्तों के साथ गुरुवार को जिलिंगगोड़ा डैम में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। उसके साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया किन्तु वे उसे नहीं बचा पाए। तत्पश्चात उन्होंने इसकी सूचना बंशी के परिजनों और गम्हरिया पुलिस को दी।

# सात मई को खालसा फतेह मार्च निकलेगा

तख्त साहिब ने भगवान शैलेंद्र को सम्मानित किया

मतदाता सूची तैयार करने का काम शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सरदार इंद्रजीत सिंह, भगवान सिंह, सरदार शैलेंद्र सिंह को बैठक में सम्मानित किया गया।

**जमशेदपुर।** 1783 में दिल्ली फतेह करने वाले सिंह जरनैल जस्सा सिंह रामगढ़िया की तीसरी शताब्दी और अकाली जरनैल बाबा फूला सिंह की दूसरी शताब्दी को समर्पित खालसा फतेह मार्च लौहनगरी में निकाला जाएगा। सात मई की सुबह साढ़े सात बजे यह टीनप्लेट गुरुद्वारा से निकलेगा और नौ बजे इसका समापन साकची गुरुद्वारा साहिब में होगा। यह फैसला प्रधान भगवान सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई आपातकालीन बैठक में लिया गया है। चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह के अनुसार दिल्ली सहित पूरे भारतवर्ष और दुनिया में सिख समुदाय इसका आयोजन लगातार कर रहा है। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री भी आयोजित समारोह में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि 1783 में मुगल बादशाह शाह आलम की सेना को हराया गया था और दिल्ली में छह महीने तक सिखों ने राज किया था। लाल किले में छह महीने तक खालसा परचम फहराया जाता रहा। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज जी की जन्म स्थली तखत श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी की ओर से सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह एवं झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह को पंथ की सेवाओं के मद्देनजर सम्मानित किया गया। मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की शुरूआत सरदार सुरजीत सिंह खुशीपुर, सरदार अमरजीत सिंह ने की। इस मौके पर विशेष तौर पर तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह भी उपस्थित थे। इस मौके पर गुरमीत सिंह तोते, दलबीर सिंह, ताजबीर सिंह, गुरचरण सिंह बिल्ला, कुलबिंदर सिंह, गुरनाम सिंह, लखविंदर सिंह, बलदेव सिंह, जगजीत सिंह, निशान सिंह, अमरजीत सिंह, महेंद्र सिंह, बलविंदर सिंह, दलबीर सिंह, रविंदर सिंह, ज्ञानी कुलदीप सिंह आदि प्रधान उपस्थित थे।

### स्किल ट्रेनिंग लेने के बाद मात्र 50 प्रतिशत को मिली नौकरी वह भी कम समय की



**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में उपायुक्त विजया जाधव ने जिले के सभी स्कील ट्रेनिंग पार्टनर्स के साथ बैठक कर सेंटर की गतिविधियों को समझा। निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, जिला कौशल पदाधिकारी बम बैजू बैठक में मौजूद रहे। उपायुक्त ने बैठक में मौजूद 15 ट्रेनिंग पार्टनर्स से बारी बारी से उनके क्रियाकलापों को समझा तथा सभी सेंटर द्वारा पिछले 1 वर्ष में औसत 50 फीसदी ही बच्चों का प्लेसमेंट किए जाने पर निराशा जाहिर की।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई० कोटेशन आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई० कोटेशन संख्या– WRD/MID/ Latehar/ 03/2022-23 (4th call)

पत्रांक– 278 लातेहार/दिनांक–20.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Rate through e-Quotations are invited for "Material" category annexed as (i) 20 H.P AC Solar Pump. Solar panel set & (ii) 10 H.P DC Solar Pump &(iii) 5 HP DC solar pump with Solar panel, steel structure supplying ,installation & commissioning for lift irrigation scheme from Manufacture /Supplier having valid GSTIN for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Latehar Government of Jharkhand to be used in different pump plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http:// Jharkhandtenders.gov.in. Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from 27.04.23 at 12.30 PM to 08.05.23 at 5.00 PM. The Quotation will be opened on 10.05.23 at 12.30 PM The Quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for forming of Estimates under Minor Irrigation Division, Latehar |
| 2 | ई० कोटेशन वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 27.04.2023 12.30 अपराहन। |
| 3 | ई० कोटेशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023 5.00 बजे अपराहन तक |
| 4 | ई० कोटेषन खुलने की तिथि एवं समय | 10.05.2023 12.30 बजे अपराहन |
| 5 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई० प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 295647 Water Resource (23-24)_D


### नवजागृत समाज आश्रम में स्व. सुरेश चंद्र डे की स्मृति में फल और नाश्ते का वितरण



आश्रम में नाश्ते का वितरण करते अरिजीत सरकार।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को अंग्रेजों से लोहा लेने वाले जाने–माने स्वतंत्रता संग्रामी एवं श्रीलेदर्स के संस्थापक रहे स्वर्गीय सुरेश चंद्र डे की जयंती पर, उनके सुपुत्र जाने–माने समाजसेवी शेखर डे के सौजन्य से जमशेदपुर के जुगसलाई थाना क्षेत्र स्थित, नव जागृत मानव समाज कुष्ठ आश्रम परिसर में रह रहे 50 पीड़ित एवं असहाय लोगों के लिए उत्तम से उत्तम नाश्ते, फल आदि का वितरण किया गया। शेखर डे ने कठोर परिश्रम से पिता के बताए हर एक सोच, उनके विचारधाराओं को बखूबी निभा रहे हैं। इस अवसर पर अरिजीत सरकार के साथ प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन, दी मिलानी एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# एक कुरीति के रूप में स्थापित हो रही प्रीवेडिग शूट : मुकेश मित्तल

पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष ने लिखा समाज को खुला पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के निदेर्शानुसार, पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन, जिला कार्यालय मीरा टावर, साकची में 18 अप्रैल को सत्र 2023-25 की तीसरी कार्यसमिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज किसी के निजी जीवन में ताका-झांकी नहीं करना चाहती, परंतु प्री-वेडिंग शूटआउट की फोटोग्राफी और वीडियो विवाह समारोह स्थल पर प्रदर्शन करने पर सामाजिक प्रतिबंध रहेगा। समाज को इस बात में जरा सी भी दिलचस्पी नहीं कि कौन किधर क्या करने जा रहा है, परंतु समाज इस बात को स्वीकार नहीं कर सकता कि आप उन अतिपरिचय क्षणों का सामाजिक प्रदर्शन करें। मुकेश मित्तल ने बताया कि प्री-वेडिंग शूटिंग के कारण कई संबंध विवाह के पूर्व एवं विवाह के बाद टूटे हैं, जिसका खामियाजा उन माता-पिता को भुगतना पड़ रहा है जिन्होंने इसकी अनुमति दी थी। मैं समाज के तमाम माता-पिता, युवक-युवतियों, अभिभावकगण, बहनें, समृद्धिशाली एवं रसूखदारों से विनम्रतापूर्वक विनती करता हूं कि अपने बच्चों के विवाह समारोह स्थल पर प्री-वेडिंग शूटआउट की फोटोग्राफी और वीडियो का प्रदर्शन न करें।


**Office of Executive Officer, Nagar Panchayat Khunti**

**Request for Proposal (RFP)**
**KNP/04/2023-24**
**VEHICLE HIRING**

The Nagar Panchayat Khunti invites sealed offers from reputed/authorized Taxi/Travel operators to provide vehicle on hired basis to carry out the travelling conducted at Nagar Panchayat Khunti. Details of required vehicle is mentioned below -

| Sl No. | Type of Vehicle | Remarks |
|---|---|---|
| 01 | Bolero | AC |

Operational vehicle for a period of as on requirement basis, which may be extended further if required so:-

**TENDERING PROCESS:**
Tender is invited in two parts:
(1)Technical bid
(2)Financial bid

The tender form for technical bid is prescribed in Annexure-I and the tender from for the financial bid is prescribed in Annexure-II.

The Technical bids and Financial bids filled in prescribed performs in all respects should be submitted at the Nagar Panchayat Khunti in two separate sealed covers addressed to the Executive Officer Nagar Panchayat Khunti. The sealed covers may be super scribe with 'Technical Bid-Contract for hiring of vehicles' and 'Financial Bid – Contract of vehicles' respectively. Both these sealed covers are to be put in a bigger cover which should also be sealed and duly super scribe "TENDER FOR HIRING OF VEHICLES". The technical bids will be opened on 27.04.2023 at 04:00 PM in the presence of bidders or their representatives. Incomplete bid documents will be rejected.

The valid technical bids will be scrutinized by the departments to short list eligible bidders. Thereafter the financial bids of the short listed technical qualified bidders will be opened on 27.04.2023 at 04:00 PM Late submission of tenders will not be accepted. Each technical bid should be accompanied by a crossed demand draft/bankers cheque of Rs. 5000/- as earnest money deposit (EMD) drawn favoring the **Executive Officer Nagar Panchayat Khunti**. The bids without earnest money deposited will be rejected.

The successful bidder of the contract has to submit a performance Guarantee either by way of fixed deposit or bank guarantee receipt of Rs. 25000/-(Rupees twenty five thousands only) per vehicle within three days from the obtaining the contract.

The bidder should sign and accept each page of the tender documents as a token of having read and accepted the terms and conditions contained therein and submit the same along with the bid. The tenderer would fill up the information in the Annexure-I & II enclosed at the end of this documents in clear and legible terms. Wherever the prices are to be quoted should be written in figures and words as well. Annexure will also have to be signed and stamped by the firm through its authorized signatory.

Sd/-
Executive Office
Nagar Panchayat Khunti

PR 295662 Urban Development(23-24).D


# जन कल्याण का काम करना ही बड़ा धर्म : फर्नांडिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

### लोयोला में मल्टी फेथ प्रेयर हॉल का उद्घाटन



मल्टी फेथ प्रेयर हॉल का उद्घाटन करते अतिथिगण।

**जमशेदपुर।** स्थानीय लोयोला स्कूल परिसर के नवनिर्मित मल्टी फेथ प्रेयर हॉल का उद्घाटन करते हुए पूर्व प्राचार्य फादर पायस फर्नांडिस एसजे ने कहा कि जन कल्याण के लिए काम करना सबसे बड़ा धर्म है। धर्म को हम अलग-अलग नाम से पुकारते हैं परंतु उसका सार सत्य है। मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है।

जेसुइट सोसाइटी सभी छात्रों को उनके विश्वास और आध्यात्मिकता की और अग्रसर करने को प्रोत्साहित करती रही है और उसी सुंदर और अनूठी सोच को लोयोला में धरातल पर उतारा गया है। हम सभी धर्म विश्वास को मानवीय नजरिए से परखने का काम करें। वही इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का भी उद्घाटन किया गया। इससे पहले पवित्र समारोह की शुरूआत फादर पायस फर्नांडीस एसजे, फादर विनोद फर्नांडीस एसजे, एवं अन्य ने दीप प्रज्वलित कर की। ₹अहम ब्रह्मास्मी₹ हम सभी में परमपिता परमेश्वर का निवास है, विषय को केंद्र बिंदु में रखकर धर्मों के सार को निरूपित किया। और इसी क्रम में पवित्र बाइबिल, पवित्र कुरान शरीफ, भागवत गीता, गुरु ग्रंथ साहिब एवं पारसी ग्रंथ जे. अवेस्ता के अंश पढ़े गए।

इस के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका एवं सहयोग देने के लिए एलुमनाई एसोसिएशन और विशेष तौर पर संतोष सिंह संधू परिवार, आर्किटेक्ट मेसर्स शशिकला, निर्माणकर्ता फिरोज के प्रति आभार जताया। इस मौके पर प्रिंसिपल फादर विनोद ने भी विचार रखे तथा धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस मौके पर जूनियर सेक्शन सीनियर सेक्शन के वाइस प्रिंसिपल तथा एकेडमिक स्टाफ एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे।


**e-Procurement Cell**
**Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi**

**e-Procurement Notice (Very Shorty Notice)**
**Tender Ref. No.-BCD/SECNC/02/Building Div. Jamshedpur/2023-24-Date:-21.04.2023**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Doctor Hostel No.-1 in Water Works Road, Sakchi at Jamshedpur for the year 2023-24 | Rs. 50,93,500.00 | 4 (Four) Months |
| 2 | Renovation of Doctor Hostel No.-2 in Water Works Road, Sakchi at Jamshedpur (With Common Drain) for the year 2023-24 | Rs. 55,31,650.00 | 4 (Four) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 26-04-2023 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 02-05-2023 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 03-05-2023 को दोपहर 12:00 बजे तक | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 03-05-2023 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi-834001 | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9199002161/8987663716 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3530790 | |

• इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

*Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.*

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,Office of the Superintending Engineer,
Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Ranchi.

PR295722 (Building Construction Dept Chotanagpur Circle )23-24*D

## कशमकश

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने संबंधी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। याचिकाकताओं और केंद्र की ओर से अपनी-अपनी दलीलें रखीं गयीं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ सुनवाई कर रही है। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को इस केस की सुनवाई शुरू करते हुए स्पष्ट किया था कि समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर फैसला करते समय वह शादियों से जुड़े पर्सनल लॉ पर विचार नहीं करेगा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने फिर आग्रह किया कि कार्यवाही में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया जाये। नए हलफनामे में केंद्र ने कहा कि उसने 18 अप्रैल को सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर उनकी टिप्पणियां और राय आमंत्रित की हैं। तर्क जारी है। यह कोई ऐसा मुद्दा नहीं है जिस पर पांच व्यक्ति बहस कर सकते हैं। एक ओर बहुत विद्वान हैं जिनके पास शानदार दिमाग है। लेकिन दूसरी ओर दक्षिण भारत के एक किसान, उत्तर-पूर्व के एक व्यापारी के विचारों को हममें से कोई नहीं जानता। इसके सामाजिक और अन्य प्रभाव होंगे। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। आम लोग और राजनीतिक दल अलग-अलग विचार रखते हैं। याचिकाकताओं ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि वह अपनी पूर्ण शक्ति, प्रतिष्ठा और नैतिक अधिकार' का इस्तेमाल कर समाज को ऐसे बंधन को स्वीकार करने के लिए प्रेरित करे, ताकि एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय के लोग भी सम्मानजनक' जीवन जी पाएं। कार्यवाही में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाये जाने की जरूरत नहीं। यह भारत जैसे विविधता वाले सांस्कृतिक मूल्यों के साथ जीने वाले समाज के लिये बड़ा कशमकश का विषय है।

## पाबंदी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को सिनेमेटोग्राफी विधेयक 2023 को मंजूरी प्रदान की। इसमें फिल्मों में साहित्यिक/सामग्री की चोरी या पायरेसी के जरिये फिल्मों के इंटरनेट पर प्रसारित होने से रोकने की व्यवस्था है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि संसद के अगले सत्र में सिनेमेटोग्राफी विधेयक 2023 को पेश किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में इस संबंध में एक विधेयक पेश किया गया था। बाद में संसद की स्थायी समिति के सुझाव पर सभी पक्षकारों के साथ चर्चा की गई। सरकार का कहना है कि फिल्मों में साहित्यिक/सामग्री की चोरी या पायरेसी से नुकसान नहीं हो, इसलिये यह विधेयक तैयार किया गया है। इससे पूरे फिल्म जगत को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि विधेयक में फिल्मों को वर्तमान यू, ए और यूए की व्यवस्था के बजाय आयु वर्ग के हिसाब से वर्गीकरण करने का प्रावधान किया गया है। ज्ञात हो कि यू प्रमाणन बिना रोक के सार्वजनिक प्रदर्शन करने से संबंधित है जबकि ए प्रमाणन वयस्क आयु वर्ग के दर्शकों के लिए तथा यूए प्रमाणन अभिभावकों की निगरानी में 12 वर्ष से नीचे के बच्चों के लिए है। निश्चित तौर अश्लीलता और हिंसा परोस कर पैसा कमाने की होड़ के कारण सामाजिक ताना-बाना में बिखराव और अपराध विशेषकर यौन अपराध में बेतहासा वृद्धि हुई है। सरकार को अभी कुछ वर्षो तक ऐसे संवेदनशील विषयों पर सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता है जिससे हमारी युवा पीढ़ी नशा, हिंसा और अपराध के चंगुल से बच सके। आजादी के नाम पर कुछ भी दिखाना और सेंसरशिप को नकारना सरकार और संस्कृति के हित में नहीं है।

## योग का मतलब

विचार-प्रवाह

**राजेश मित्तल**

**योग** का मतलब महज शरीर को मोड़ना नहीं। हाथ-पांव की गांठ बना लेना नहीं। सांस भी रोक लेना नहीं है। यह सबसे शुरूआती चरण है। योग का मतलब है, एक होना। आप महसूस करें कि सारा ब्रह्मांड और आप एक ही हैं। आप जैसे यह महसूस करते हैं कि आपकी पांचों उंगलियां आपकी हैं, वैसे ही आप सारी दुनिया को अपना महसूस करने लगते हैं।

'मैं' और 'तुम' का फर्क खत्म हो जाता है। आपका शरीर, मन और आत्मा संपूर्ण सत्ता के साथ पूरे तालमेल में होता है। इस स्थिति को पाने के कई तरीके हैं। हठयोग इसका एक रास्ता है। इसमें आप साधना शरीर से शुरू करते हैं। शरीर को अनुशासित करते हैं। उसे पवित्र करके ऊर्जा के ऊंचे स्तर के लिए तैयार करते हैं।

प्राणायाम में सांस पर काम करते हैं। फिर मन पर, फिर अंतरात्मा पर। इन सभी पर काम करके ही अंतिम लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। अगर आप सिर्फ शरीर के साथ काम करेंगे, तो यह तैयारी के लिए ही होगा।

पहले हमारे यहां धर्म नाम की कोई चीज नहीं थी। आज भी धर्म है नहीं, लेकिन विदेशी संस्कृतियों की देखादेखी अपने यहां भी धर्म को खड़ा करने की कोशिश की जा रही है। भारत जिज्ञासुओं की धरती रहा है, ना कि आस्थावानों की। आध्यात्मिकता और धार्मिकता में बुनियादी फर्क यही है।

धर्म मतलब आस्था, विश्वास। अध्यात्म मतलब सत्य की खोज।विज्ञान भी यही काम करता है। अगर आप बाहरी दुनिया में सत्य की खोज करते हैं, तो वैज्ञानिक कहलाते हैं। भीतर की दुनिया में करें तो आध्यात्मिक कहलाएंगे।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### क्वांटम मिशन

**मंत्रिमंडल** ने राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को भी मंजूरी दे दी। इस पर 8 वर्षों में करीब छह हजार करोड़ का व्यय आयेगा। यह मिशन सटीक समय, संचार और नौवहन के लिए परमाणु प्रणालियों और परमाणु घड़ियों में उच्च संवेदनशीलता से लैस मैग्नेटोमीटर विकसित करने में मदद करेगा। इसकी समयावधि वर्ष 2023-24 से 2030-31 तक होगी।

**–रविकांत सिंह, रांची**


### लापरवाही पड़ी भारी

**देश** में कोरोना की लहर ने रफ्तार पकड़ ली है। लेकिन लोगों ने लापरवाही नहीं छोड़ी, बाजार और अन्य स्थानों पर भीड़ जारी है। इसलिए सरकारों को मजबूर होकर कुछ दिनों के लिए लॉकडाउन लगाना पड़ा है। अगर अभी भी लापरवाही नहीं छोड़ी तो यह वैश्विक महामारी देश में कभी नहीं हारेगी। आर्थिक व्यवस्था का भी हाल बेहाल कर देगी।

**– राजेश कुमार, हजारीबाग**

# मन की बात: स्वच्छ भारत अभियान का संकल्प वाहक





**- डॉ बिदेश्वरी पाठक**

> मानानीय श्री नरेन्द्र मोदी जब भारत के प्रधानमंत्री बने तो लाल किले से 2014 के 15 अगस्त को झंडा फहराते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान चलाया जाए और कोई भी व्यक्ति शौच के लिए बाहर न जाए। इसके लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का आह्वान किया। आधिकारिक तौर पर 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया, स्वच्छ भारत अभियान स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे सफल सरकारी पहलों में से एक है।

**भारत** को सोने की चिड़िया कहा जाता था। इसका मतलब यह है कि भारत धन-धान्य से पूर्ण था, लेकिन शायद साफ-सफाई पर लोगों का ध्यान नहीं था। कभी-कभी महिलाओं एवं लड़कियों के साथ आपराधिक घटनाएँ भी हो जाया करती थीं। लोग सड़क के दोनों किनारों पर या रेलवे ट्रैक के बगल में शौच के लिए जाते थे। कुछ गाँवों में एवं शहरों के मध्य में लोग कमाऊ शौचालय का उपयोग करते थे। सफाई कर्मचारी उन कमाऊ शौचालयों को साफ करते थे। यद्यपि वे लोग बहुत ही अच्छा कार्य करते थे, क्योंकि वे उन कमाऊ शौचालयों की सफाई न करते तो हैजा, इत्यादि बीमारियाँ फैल सकती थीं और लोग मर सकते थे। लेकिन मैला साफ करने वालों के साथ अमानवीय व्यवहार होता था और सुबह से शाम तक उन्हें अछूत जैसा अपमानसूचक शब्द सुनने को मिलता था।

1915 में महात्मा गांधी ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करना प्रारंभ किया। भारत में चारों तरफ फैली गंदगी को देखकर गांधी जी ने 1919 में कहा कि उन्हें स्वच्छ भारत पहले चाहिए एवं आजादी बाद में। सफाई कर्मचारियों द्वारा मनुष्यमल के साफ करने के कार्य को एक नए शौचालय का आविष्कार कर बंद करा दिया जाए और छुआछूत की प्रथा को समाप्त कराकर मैला साफ करने में संलग्न लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ दिया जाए एवं उनकी प्रतिष्ठा समाज के लोगों के बराबर हो। गांधी ने यहाँ तक कहा था, शायद मेरा पुनर्जन्म न हो, लेकिन अगर मेरा पुनर्जन्म होता है तो मैं एक वाल्मीकि परिवार में जन्म लेना चाहूँगा ताकि मैं उन्हें सिर पर मैला ढोने जैसी इस अमानवीय, अस्वस्थ एवं घृणित कार्य से मुक्ति दिला सकूँ।

माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जब भारत के प्रधानमंत्री बने तो लाल किले से 2014 के 15 अगस्त को झंडा फहराते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान चलाया जाए और कोई भी व्यक्ति शौच के लिए बाहर न जाए। इसके लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का आह्वान किया। आधिकारिक तौर पर 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया, स्वच्छ भारत अभियान स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे सफल सरकारी पहलों में से एक है। यदि आप सोच रहे हैं कि यह कैसे हुआ, तो इसका उत्तर सरल है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रधानमंत्री ने नागरिकों को अभियान का अविभाज्य और महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया। अभियान की शुरूआत के एक दिन बाद 3 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री ने ह्यमन की बात के पहले ही एपिसोड में इसके बारे में बात की। उन्होंने लोगों से उत्साह के साथ अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि देवालय से पहले शौचालय का निर्माण होना चाहिए। भारत के चार लाख पचास हजार स्कूलों में एक वर्ष के अंदर शौचालय बन जाएं ताकि स्कूलों में खासकर लड़कियों को शौच जाने में कोई दिक्कत न हो। इससे स्कूलों में लड़कियों की संख्या बढ़ेगी और एक वर्ष में सभी स्कूलों में शौचालय बन गए। उन्होंने यह भी कहा कि माता एवं बहनों को शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है इससे उन्हें बड़ी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता। अतः महात्मा गांधी जी के 150वीं जंयती के पूरे होने के दिन तक सभी घरों में शौचालय बन जाए एवं खुशी की बात यह है कि भारत के लगभग 11 करोड़ घरों में शौचालय बन गए एवं अब माताओं एवं बहनों को शौच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है।

15 अगस्त, 2014 को माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने अपने हाथों झाडू उठाया एवं दिल्ली स्थित वाल्मीकि कॉलोनी में फैली हुई गंदगी को अपने झाडू से साफ किया और देश के लोगों को आह्वान किया कि वे लोग भी अपने-अपने हाथों में झाडू उठाएं एवं जहाँ भी गंदगी दिखे उसकी सफाई करें। वाराणसी में गंगा किनारे स्थित अस्सी घाट की सफाई अपने हाथों से की जहाँ पर 50 सालों से भी अधिक समय से मिट्टी जमा हुई थी। अस्सी घाट अब दर्शनीय हो गया है। स्थानीय लोगों द्वारा पूजा-अर्चना करने के अलावा देश-विदेश के पर्यटक अस्सी घाट आते हैं और गंगा की लहरों को देखकर आनंदित होते हैं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के प्रयास से स्वच्छता की एक लहर चल गई है और कोई भी आदमी अब घर हो या बाहर या सार्वजनिक जगह कहीं पर भी गंदगी नहीं करता। यदि कोई करता है तो लोग उसे मना करते हैं। आज गाँव-गाँव, शहर-शहर, स्कूल हो या कॉलेज, चलती हुई रेलगाड़ी एवं बसों में भी लोग यात्रा के दौरान स्वच्छता के क्षेत्र में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किए हुए एवं किए जा रहे स्वच्छता के आंदोलन की चर्चा करते हैं एवं प्रधानमंत्री द्वारा किए गए स्वच्छता के कार्य की सराहना करते हैं। पूरा देश अब साफ दिखने लगा है एवं इसका श्रेय माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को जाता है। प्रधानमंत्री यहीं नहीं रुके। उन्होंने 'मन की बात' जैसे महत्त्वपूर्ण मंच अभियान के प्रत्येक माइलस्टोन और देश भर से इस अभियान से जुडी छोटी-बड़ी कहानियों को साझा करते हैं। इससे नागरिकों में गर्व की भावना पैदा तो हुई है, साथ ही लोग देश को स्वच्छ करने और रखने के लिए प्रेरित हैं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को स्वच्छ बनाने के लिए भारतीयों के बीच स्वच्छता का दीप जलाया है। उन्होंने स्वच्छता की उस संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए देशवासियों का आह्वान किया है, जो हड़प्पा-सभ्यता के समय यहाँ थी। आज जब ह्यमन कि बात रेडियो कार्यक्रम अपने 100वें एपिसोड की ओर बढ़ रहा है, तब देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान जैसे कई क्रांतिकारी जन आंदोलनों के लिए तैयार है।

मेरी देशवासियों से गुजारिश है कि हम लोगों को अपनी पूरी शक्ति तथा साधन-द्वारा प्रधानमंत्री जी का साथ देना चाहिए। एतदर्थ आएँ, हम सभी सभ्य, सुसंस्कृत और स्वच्छ हो कर भारत को सभ्य, सुसंस्कृत तथा स्वच्छ राष्ट्रों की कतार में अग्रणी बनाएँ।

(लेखक संस्थापक, सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाईजेशन हैं।)

**मेरे** व्यक्तिगत जीवन के लिए आज महत्वपूर्ण दिन, सिल्ली विधानसभा क्षेत्र और हमारे भविष्य के लिए महत्वपूर्ण दिन। पढ़ेगा सिल्ली, बढ़ेगा सिल्ली अभियान के तहत एक और स्कूल में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

**आपके ट्वीट**

**एयरपोर्ट** सेठ के, पोर्ट सेठ के, बिजली सेठ की, कोयला सेठ का, सड़कें सेठ की, खदानें सेठ की,जमीन सेठ की, आसमान सेठ कासेठ किसका? सेठ साहेब का!

**–राहुल गांधी पूर्व सांसद**





**झारखण्ड** बने हुए 20 वर्ष से अधिक हो गए मगर राज्य देश के पिछड़े राज्यों में ही आता है। यह जिम्मेदारी और चुनौती अगर अधिकारी एक-एक योजना को लेकर कार्य करें तो बदलाव जरूर हो सकता है।

**– हेमंत सोरेन**

खास बात

## स्वामी सत्यानंद का योग दर्शन

श्री स्वामीजी ने बंधों और मुद्राओं की अवधारणा को समझाया और व्यवस्थित किया। उन्होंने एक सरल संस्करण में तकनीकों को मिलाकर हथ योग षट्कर्मों की पूरी प्रणाली को सरल कर दिया: पूरन शंखप्रक्षालन। अन्य योगिक साहित्य में शंखप्रक्षालन नहीं पाया जाता, और बस्ती, धौती, नौली और नेती की अलग अलग विधि की चर्चा की जाती है।

संसार में क्रिया योग की दो ही प्रणाली मौजूद हैं। एक तो बाबाजी से उतरा है, जो कहा जाता है, वह निमार्ता और संस्थापक था। उस पंक्ति में कई शिक्षक हुए हैं, परमहमस योगानंद, श्री युक्तेश्वर और लहरी महाशय। क्रिया योग की अन्य प्रणाली की खोज श्री स्वामीजी ने तन्त्रों से की थी। जब क्रिया योग एक रहस्य था, इस विश्वास के साथ कि यह केवल गुरु से अंतरंग शिष्य तक पहुँच सकता है, तो श्री स्वामीजी ने तीन साल का डाक पत्रपत्र पाठ्यक्रम शुरू किया, और उस पुस्तक से जो उभरा वह योग का एकमात्र प्रामाणिक विश्वकोपीडिया है जो आज अस्तित्व में है।

स्वामी विवेकानंद ने योग पर बात की, फिर भी उन्होंने कभी योग नहीं सिखाया। उन्होंने कभी आसन या प्राणायाम नहीं सिखाया, उन्होंने केवल सिद्धांत में बात की। उन्होंने योग का विकास नहीं किया; उन्होंने केवल रोजमर्रा की भाषा में योग के शास्त्रोक्त, दार्शनिक पहलू को प्रस्तुत किया। स्वामी सत्यानंद ही थे जिन्होंने योगिक अवधारणाओं को शरीर से जोड़ दिया, जैसे कि कौन चक्र किस नादी, कौन सी ग्रंथि, किस मन की स्थिति के अनुसार है। कई लोगों ने उस विषय पर शोध किया है। डॉ.हीरोशी मोतोयामा, उनकी किताब सिद्धांतों के चक्र में, स्वामी सत्यानंद के दर्शन और व्यवहारों को संदर्भित करते हैं। डॉ सेरेना रोनी-डोगल, जहां विज्ञान और जादू मीट की लेखिका, ने चक्रों की भूमिका, कार्यों और लाभ और मनोवैज्ञानिक प्रणाली के साथ उनके पत्राचार की खोज की। दुनिया भर के बुद्धिजीवियों और विचारकों ने इन विचारों को स्वीकार किया है और उन पर काम किया है।

1968 में प्रकाशित मूल एपीएमबी के सत्तर पृष्ठ थे। आज एपीएमबी में पांच सौ से अधिक पृष्ठ हैं; फिर भी, मूल सामग्री में स्वामी सत्यानंद ने शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक लाभों का वर्णन किया था।

# सामाजिक समरसता पर सहज अमल: आरएसएस

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है। उसकी यह यात्रा सामाजिक समरसता और संगठन पर आधारित है। इसका निरन्तर विस्तार हो रहा है। समाज के चिंतन और व्यवहार में व्यापक बदलाव आ रहा है। राष्ट्र को सर्वोच्च मानते हुए कार्य करने की प्रेरणा संघ से मिल रही है। भेदभाव से मुक्त समाज का विचार प्रबल हो रहा है। संघ ने यह विलक्षण कार्य अत्यंत सहज और स्वाभाविक रूप में किया है। संघ की शाखाएं इसी भावभूमि पर चलती हैं। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार युगद्दष्टा थे। शाखाओं में जाने मात्र से भेदभाव का विचार तिरोहित हो जाता है।

इसीलिए कहा गया कि संघ को समझने के लिए शाखाओं में जाना अपरिहार्य है। यहां समरसता का स्वाभाविक वातावरण होता है। यहां होने वाले कार्यक्रम या सहभोज आदि समरसता के अघोषित उपकरण हैं। इनसे लोगों के विचार मनोवैज्ञानिक रूप में समरसता के अनुकूल हो जाते हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने धर्म संस्कृति सम्मेलन और डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति के कार्यक्रम में इसी को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा भी है संघ सम्पूर्ण समाज को अपना मानता है। एक दिन यह बढ़ते-बढ़ते समाज का रूप ले लेगा। तब संघ का यह नाम भी हट जाएगा। हिंदू समाज ही संघ बन जाएगा।

वह मानते हैं कि सामाजिक समरसता का भाव रहना चाहिए। उपासना पद्धति में अंतर होने से भी इस विचार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। भारत में तो प्राचीन काल से सभी मत पंथ व उपासना पद्धति को सम्मान दिया गया। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः ही भारत की विचार दृष्टि है। निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक समरसता भारत की विशेषता रही है। सेवा कार्य में कोई भेदभाव नहीं होता। दर्शन में किसी सम्प्रदाय से अलगाव को मान्यता नहीं दी गई। विविधता के बाद भी समाज एक है। भाषा,जाति, धर्म,खानपान में विविधता है। उनका उत्सव मनाने की आवश्यकता है। कुछ लोग विविधता की आड़ में समाज और देश को बांटने की कोशिश में जुटे रहते हैं। लेकिन भारतीय चिंतन विविधता में भी एकत्व संदेश देता है। हमारी संस्कृति का आचरण सद्भाव पर आधारित है।

सामयिक

यह हिंदुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत में रहने वाले ईसाई और मुस्लिम परिवारों के भीतर भी यह भाव साफ देखा जा सकता है। एक सौ तीस करोड़ का समाज भारत माता का पुत्र है। हमारा बंधु है। क्रोध और अविवेक के कारण इसका लाभ लेने वाली अतिवादी ताकतों से सावधान रहना है। सेवा समरसता आज की आवश्यकता है। इस पर अमल होना चाहिए। इसी से श्रेष्ठ भारत की राह निर्मित होगी। वर्तमान परिस्थिति में आत्मसंयम और नियमों के पालन का भी महत्व है। समाज में सहयोग सद्भाव और समरसता का माहौल बनाना आवश्यक है। भारत दूसरे देशों की सहायता करता रहा है। क्योंकि यही हमारा विचार है।

समस्त समाज की सर्वांगीण उन्नति ही ही संघ का एकमात्र लक्ष्य है। संघ प्रमुख मानते हैं कि जब हिंदुत्व की बात आती है तो किसी अन्य पंथ के प्रति नफरत, कट्टरता या आतंक का विचार स्वतः समाप्त हो जाता है। तब वसुधैव कुटुंबकम व सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव ही जागृत होता है। भारत जब विश्व गुरु था, तब भी उसने किसी अन्य देश पर अपने विचार थोपने के प्रयास नहीं किये। भारत शक्तिशाली था, तब भी तलवार के बल पर किसी को अपना मत त्यागने को विवश नहीं किया। दुनिया की अन्य सभ्यताओं से तुलना करें तो भारत बिल्कुल अलग दिखाई देता है। जिसने सभी पंथों को सम्मान दिया। सभी के बीच बंधुत्व का विचार दिया।

# कोरोना के कहर से बचने को करें कुछ विशेष योग



**स्वामी मुक्तरथ**

**कोरोना** वायरस तेजी से अपने पैर पसार रहा है लेकिन इससे बचने के लिए आपके पास कई सारे विकल्प हैं। योग के जरिए कोरोना वायरस से बचा जा सकता है। लेकिन कैसे ये सवाल हर किसी के मन में है।

तीन प्राणायाम जिसे करके कोरोना वायरस की चपेट में आने से बचा जा सकता है। कोरोना वायरस से कैसे बचा सकता है योग? प्राणायाम के नाम को जानने से पहले यह जानना और समझना जरुरी है कि यह कोरोना वायरस से कैसे बचा सकता है? दरअसल कोरोना का संक्रमण उन लोगों को जल्दी अपना शिकार बना सकता है, जिनकी इम्युन पावर बहुत कमजोर होती है। आमतौर पर होने वाले संक्रमण में भी अगर किसी व्यक्ति की इम्युनिटी कमजोर होती है, तो वह जल्दी बीमार हो जाता है। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन के द्वारा किए गए एक विस्तृत शोध में यह बताया गया कि प्राणायाम के जरिए इम्यून सिस्टम को मजबूत किया जा सकता है।

**कपालभाति से नहीं होगा कोरोना वायरस का संक्रमण**

योग

कपालभाति एक प्रचलित प्राणायाम है। इस प्राणायाम को करने की प्रक्रिया में सांस लेते हैं और छोड़ते हैं। रोजाना करीब पांच मिनट तक इस प्रणायाम को करने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी और आप किसी भी प्रकार के संक्रमण से बचे रहेंगे।

कैसे करें : सांस लीजिए और पेट पर जोर देते हुए तेजी से सांस को छोड़ें।

इस प्राणायाम को आप रोज सुबह और शाम को पांच मिनट तक करें। अनुलोम विलोम से भी मजबूत होती है इम्युनिटी

अनुलोम विलोम से आपको सामान्य रूप से होने वाली सर्दी खांसी और जुकाम तक नहीं होती है। दरअसल अनुलोम विलोम प्रणायाम को करने से श्वसन क्रिया बेहतर हो जाती है। इसके अलावा डॉक्टरी रिसर्च के मुताबिक यह भी बताया जा चुका है कि इससे आपके शरीर की इम्युनिटी काफी मजबूत होती है।

**कैसे करें :** अपने बाएं हाथ के अंगूठे से, बायीं नाक के छिद्र को बंद करके, दायीं नाक के छिद्र से सांस लें।अब दायीं नाक के छिद्र को अपनी एक उंगली से बंद करें और बायीं नाक के छिद्र को खोलकर, इसके जरिए सांस छोड़ें। दूसरी ओर से भी इस प्रक्रिया को दोहराएं। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचे रहने के लिए इस प्राणायाम को रोज सुबह करीब पांच मिनट तक करें। भस्त्रिका प्राणायाम भी कोरोना को रखेगा दूर

भस्त्रिका प्राणायाम के जरिए भी आप कोरोना वायरस से संक्रमित होने से बचे रहेंगे। भस्त्रिका प्राणायाम को करने से शरीर की कोशिकाएं स्वस्थ बनी रहती हैं और श्वसन क्रिया से जुड़ी कोई भी बीमारी आपको नहीं होगी। साथ ही साथ आपकी इम्युनिटी भी मजबूत रहेगी। कैसे करें एक गहरी सांस लें।अब पेट पर जोर देते हुए सांस छोड़ें। इस प्रणायाम को करीब 3-5 मिनट तक करें।आप इसे सुबह और शाम दोनों समय कर सकते हैं। प्राणायाम को आप रोज सुबह खुद तो करें ही, साथ ही अपनी फैमिली को भी इसे करने के लिए कहें। इससे न केवल आप कोरोना के संक्रमण में आने से बचेंगे बल्कि भविष्य में भी आप कई बीमारियों से बचे रहेंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### नप ने कई योजनाओं की दी मंजूरी



**रामगढ़।** नगर परिषद कार्यालय में बोर्ड बैठक हुई। बैठक में कई योजनाओं को मंजूरी दी गई। विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए हम तत्पर हैं। लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर वार्ड पार्षद मंजू देवी,हेमनी देवी,अर्जुन यादव,चिंतामन महतो, अनिल कुमार गुप्ता,कौशल्या देवी,शिवशंकर मिश्रा, इंद्रदेव राम,अमरीन मंजर,राजेश राम,गणेश पासवान, प्रदीप कुमार,फातमा खातून,गीता देवी,सनियारो बारला, अखिलेश कुमार,देवधारी महतो,रोशन कुमार,जयंती देवी,सीता देवी,ललिता कुमारी आदि उपस्थित थे।

### बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**हजारीबाग।** जिले के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को बाल संप्रेक्षण गृह का भ्रमण किया। पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की। ज्ञातव्य हो कि संप्रेक्षण गृह में बालकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन के साथ-साथ कई सारी अन्य भी सुविधाएं भी दी जाती है। जिससे कि बच्चे खुद को बंधन में न महसूस कर सकें। मौके पर सभी बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म प्रदान की गई। भ्रमण करने वाले पदाधिकारियों में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य प्रीति सिन्हा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद व संप्रेक्षण गृह के प्रभारी चिकित्सक राहुल कुमार सिंह प्रमुख थे। अधीक्षक इंदु प्रभा खलखो ने बच्चों को अनुशासन में रहने के साथ साथ दिनचर्या के अनुपालन परयान देने को कहा।

### अकीदतमंदों ने पढ़ी जुमे की नमाज

**हजारीबाग।** पगमिल स्थित सुल्तानुल हिन्द मस्जिद में भी इमाम अब्दुल वाहिद मिस्बाही ने अलविदा जुमे की नमाज पढाई। इसमें भारी संख्या में अकीदतमंद शरीक हुए। अकीदतमंदों ने मुल्क की खुशहाली की कामना की। राजद के जिलाध्यक्ष सह शांति समिति के सदस्य संजर मलिक ने मौके पर कहा कि मुल्क में आपसी सद्भाव और एकता बनी रहे। गंगा-जमुनी तहजीब से मुल्क की शान पूरे विश्व में विद्यमान है। कहा कि इस बार के रमजानुल मुबारक माह की शुरूआत भी जुमे से हुई थी और यह कुदरत का बड़ा अनमोल तोहफा ही है कि इस रमजान का आखरी दिन भी जुमा पर ही खत्म हो रहा है। मुमकिन है कि ईद-उल-फितर की नमाज यहां पर 8.30 सुबह अदा की जाएगी।

### चरही में हनुमंत महायज्ञ शुरू

**चरही।** चरही में शुक्रवार को 2001 से ऊपर क्लश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्री-श्री 1008 पंचमुखी हनुमान महायज्ञ की शुभारंभ किया गया ।इसके पूर्व यज्ञधीश और वेदाचार्यों के द्वारा विधि-विधान से सर्व प्रायश्चित उपवास,दस विध,मंगल स्नान,श्री गणेश,गौरी,गंगा वरुण देव औ? क्लश देव पूजन कराकर क्लश यात्री महिलाओं ने हनुमान मंदिर से क्लश को उठाकर गाजे-बाजे के साथ ग्राम भ्रमण करते हुए उत्तर वाहिनी बहेरा नदी पहुंची ।जहां पर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर क्लश में जल भरकर पुन:गावं भ्रमण करते हुए यात्री यज्ञ स्थल पहुंचे ।जहां पर यज्ञ स्थल के परिक्रमा कर क्लश को विधिवत स्थापित किया गया ।महाआरती के बाद कलश यात्रियों के बीच प्रसाद वितरण किया गया ।चरही कीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन किया गया ।संध्या में पंचांग पूजन,आचार्य ब्राह्मण वरण,यज्ञ मंडप प्रवेश,मंडप वेदी पूजन,हनुमान जी,ग्राम देवी,श्री शिव परिवार का अनाधिवास एवम संध्या में महाआरती किया गया ।तथा रात्रि में प्रवचन का कार्यक्रम किया गया ।चरही थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार अपने दल-बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे ।प्रवचन को सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे ।इस महायज्ञ को विधि-विधान के साथ सफल बनाने के लिए यज्ञाधीश पंडित ललन बाबाजी महराज,यज्ञाचार्य वेद पंडित जय नंदन मिश्रा शास्त्री,आचार्य ऋषि राज वेदव्यास मिश्रा,उपाचार्य उपेंद्र कुमार शास्त्री,सहयोगी श्रीराम शास्त्री, रूपम पांडेय,विश्वनाथ मिश्रा,श्रीकांत मिश्रा,सुदर्शन पांडेय सहित चरही महायज्ञ समिति के पदाधिकारी और ग्रामीण दिन-रात लगे हुए हैं।

### सोलर जलमीनार बना सफेद हाथी



**बिष्णुगढ़।** प्रखंड मे एक और जहां पीएचइडी विभाग हर घर जल,हर घर नल योजना के तहत लोगों के घरों तक स्वच्छ पानी पहुंचाने की सरकार की परिकल्पना के बाबत गांव में जगह जगह लोगों के बॉउंड्री के अंदर गहरे बोरिंग कर पानी देने की कवायद कर हो रही है, तों वहीं दूसरी ओर पूर्व में लगे जल मीनार सफेद हाथी बन कर खड़ा है सरकारी योजना से पंचायत के गावों, मोहल्लों में स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था को लेकर सोलर जल मीनार का निर्माण करवाया गया थो लेकिन आलम यह है कि प्रखंड के कई पंचायतों के गांव में लगे सोलर जल मीनार पानी की बाट जोह रहा है पंचायती राज व्यवस्था में गांवों को सशक्त करने की परिकल्पना बिष्णुगढ़ प्रखंड में धूमिल होती दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महीनों दिन से जल मीनार बंद पड़ा हुआ है यह हालात कमोबेश सभी पंचायतों में देखा जाता है। लेकिन प्रखंड के ग्राम पंचायत गैड़ा के बसरिया , चीतरामो, हेठली बोदरा के ऊपर टोला, नवादा पंचायत के आरबी कॉलेज के आगे कुसुम्बा रोड में बने जल मीनार बेकार पड़े है इन जगहों के मीनार के अलावे भी कई पंचायत शामिल है।

### श्री अग्रसेन स्कूल में मना अर्थ डे

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में शुक्रवार को अर्थ डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच पेंटिंग, स्लोगन, निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने पृथ्वी के नष्ट होने का कारण और उसके संरक्षण के उपायों पर चर्चा की। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूक करने और पृथ्वीको बचाने का संकल्प लिया।

# जुआ विवाद में दोस्त की हत्या

## अरविंद ने बेटे को भी गोली मारकर किया घायल

- 7.65 एमएम का पांच खोखा और एक कारतूस बरामद
- मृतक लक्ष्मण पांडे रांची का रहने वाला था, दो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग ।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डंडई सिवाने नदी पुल के पास गुरुवार की शाम करीब पांच बजे सीतगढ़ा निवासी अरविन्द हेमरोम ने करीबी दोस्त लक्ष्मण पांडे की गोली मारकर हत्या कर दी। साथ ही अपने बेटे महेंद्र हेमरोम को गोली मारकर घायल कर दिया। मृतक की पहचान रांची निवासी लक्ष्मण पांडे के रूप में हुई। इस संबंध में अरविंद हेमरोम की पत्नी किरण देवी ने बताया कि उसका पति जुआरी है। पति का रांची के दोस्त के साथ जुए की रकम की लेनदेन को लेकर विवाद था। लक्ष्मण ने जब विरोध किया, तो उसने दुश्मनी पाल ली। उसके बाद उसके पति ने दोस्त लक्ष्मण पांडे और बेटे महेंद्र हेमरोम को जान से मारने के लिए बिहार से शूटर मंगवाया था। उसके बाद उसके पति ने गोली मारकर अपने दोस्त को मौत के घाट उतार दिया। वहीं बेटे के सीने में गोली लगी है, जिसका शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। किरण देवी ने यह भी बताया कि उसके पति उसे और बेटे को परेशान और मारपीट करता था।



क्या कहते हैं थाना प्रभारी : इधर चुरचू अंचल इंस्पेक्टर महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 5:00 बजे शाम में अज्ञात अपराधियों ने एक अज्ञात व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अपराधियों की आपसी रंजिश का मामला है अपराधियों और मृतक के रांची के होने की संभावना है। घटनास्थल पर मृतक के शव से करीब 10 मीटर के दूरी पर लाल रंग के अपाची बाइक मिला है, जिसमें रांची का रजिस्ट्रेशन नंबर है। घटनास्थल पर शव के बगल में 7.65 एमएम पांच फायर खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। काला रंग का दो बैग, एक अपाची बाइक जिसका नंबर JH01CQ3525, नदी में गिरा हुआ मोबाइल और हेलमेट भी मिला है। वह रांची का है । संदेह के आधार पर 2 लोगों को गिरफ्त में लिया गया है। मुफस्सिल थाना पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

# दामोदर नदी पर नये पुल को ले ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**एक ही भारी वाहन प्रवेश की व्यवस्था करे सीसीएल प्रबंधन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड-गिद्दी मार्ग पर दामोदर नदी में नये पुल निर्माण को ले शुक्रवार को स्थानीय ग्रामीणों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों का कहना था कि लगभग चार दशक पूर्व इस पुल का निर्माण हुआ था। वर्तमान में पुल पूरी तरह जर्जर हो गई है।

पुल के नीचे का पीलर भी क्षतिग्रस्त हो गया है। लोग जान जोखिम में डाल इस पर आवागमन कर रहे हैं। कई वर्षों से नया पुल बनाने की मांग प्रशासन व सीसीएल प्रबंधन से की जा रही है। बावजूद इस दिशा में सभी उदासीन हैं। स्थानीय लोगों की पहल पर क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा ने भी पुल का निरीक्षण कर सीसीएल सीएमडी से सार्थक पहल करने की मांग की थी। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सीसीएल प्रबंधन से मांग की है कि जब तक नये पुल का निर्माण नहीं हो जाता है, तब तक पुल पर एक समय में एक ही भारी वाहन का परिचालन हो। इसके लिए पुल के गिद्दी क्षेत्र में अरगडा व भुरकुंडा क्षेत्र में बरका-सयाल प्रबंधन गार्ड की व्यवस्था कर एक ही भारी वाहन के परिचालन को सुनिश्चित करे। ऐसा नहीं होने पर स्थानीय ग्रामीण क्रमवार आंदोलन करेंगे। साथ ही किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर इसका जिम्मेवार सीसीएल प्रबंधन होगा। प्रदर्शन में मुखिया विकाश पाण्डेय, विश्वरंजन सिन्हा, पीडी सिंह, शैलेंद्र झा उर्फ पिंकु झा, जगरनाथ पासवान, डॉ.पिंटु, उमेश सिंह, शुभु सिंह, मनोज अम्बष्टा, संजय सिंह, बबलू सिंह, सुबोध सिंह, दिलीप सिंह, संजय पासवान, धनराज ठाकुर, रूपेश पाण्डेय, शेरू खान, रोशन, गोतम, टिंकू, विनोद सिंह, लखन सिंह, अमित कुमार, पिंटू यादव, आफताब, खुर्शीद आलम, महताब, जयप्रकाश सिंह, संजय कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### प्रखंड स्तरीय किसान गोष्ठी 24 को

**केरेडारी ।** किसान फॉर्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड केरेडारी के बैनर तले प्रखंड स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन 24 अप्रैल दिन सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में 11 बजे दिन से आयोजित किया जाएगा किसान गोष्ठी में एन पी मंडल कुर्स हजारिबाग डीएओ नाबार्ड के डीडी एम आत्मा हजारीबाग के कर्मी इफको कंपनी के आर एम रांची से बायर चीफ बीडीओ केरेडारी समेत कृषि विभाग से संबंधित कृषि बैज्ञानिक और अन्य कृषि सलाहकार किसान मित्र शामिल होंगे।

# कोर्ट के आदेश पर शिक्षा विभाग की मनमानी भारी

खबर मंत्र संवाददाता।

**हजारीबाग।** न्यायालयी आदेश पर शिक्षा विभाग की मनमानी भारी है। जी हां! बात हो रही है जिले के शिक्षा विभाग की। हमेशा सुर्खियों में रहने वाला शिक्षा विभाग शिक्षकों की सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन पावना आदि के ससमय भुगतान में न्यायालय व सरकारी आदेश को भी नहीं मानता। ऐसे में किसी व्यक्ति के गरिमापूर्ण जीवन जीने के मौलिक अधिकार का इसे साफ तौर पर उल्लंघन ही कहा जाएगा।

सरकार के स्तर से भी कई बार विभाग को स्पष्ट आदेश निर्गत किया गया है कि सेवानिवृत्ति से पूर्व ही शिक्षकों का पेंशन पावना आदि का भुगतान हो जाना चाहिए। लेकिन हजारीबाग शिक्षा विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंगती। कई बार तो सेवानिवृत्त शिक्षकों को पेंशन पावना आदि के भुगतान के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। ऑब्जेक्शन के खेल में विभाग की मंशा साफ तौर पर समझी जा सकती है।

**तीन माह पूर्व सेवानिवृत्त हुई शिक्षका को नहीं मिला पेंशन**

उत्क्रमित उच्च विद्यालय टाटीझरिया से 31 जनवरी को सेवानिवृत्त शिक्षिका रीता गुप्ता, उच्च विद्यालय डूमर से इसी तिथि को हरिनाथ और मध्य विद्यालय कोल्हू से 28 फरवरी को सेवानिवृत्त शिक्षक लखन गोप के अर्जित अवकाश पावना का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। इसे लेकर झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार ने आपत्ति जताते हुए आरडीडीई को ई-मेल के माध्यम पत्र भेजा है। उन्होंने दोषियों पर कार्यवाई सहित जल्द भुगतान करवाने की मांग की है। डीएसई संतोष गुप्ता ने इस मामले पर खबर मंत्र संवाददाता से कहा कि डीएसई कार्यालय से फाइल दो माह पहले ही बढ़ा दी गई थी। ट्रेजरी से कुछ ऑब्जेक्सन हुआ था। फिर से सुधार कर दी गई है। संभवतः उन्हें भुगतान हो चुकी है।

### बंद माइंस में डूबे बच्चे का मिला शव

**पदमा/इचाक।** 20 अप्रैल को 11 बजे बंद पड़े चमेली खदान में भाई समेत 5 साथियों के साथ घूमने के उद्देश्य से आए इचाक भुसाई टोला निवासी संजय मेहता के पुत्र प्रिंस कुमार माइंस के गहरा पानी में डूब गया था। 20 अप्रैल को चौपारण से प्रशासन द्वारा गोताखोर बुलाकर लगभग 6 घंटे तक खोजबीन के बाद बच्चे का शव नहीं मिला। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था तभी अगले दिन एन डी आर एफ की टीम को बुलाया गया हजारीबाग प्रशासन द्वारा एन डी आर एफ की टीम को रांची से बुलाया गया। सुबह 6 बजे से खोजबीन का प्रयास किए और लगभग 9 घंटे में सफलता पाई। आपदा मोचन बल के निरीक्षक राहुल कुमार सिंह ने कहा कि माइंस से बॉडी को ढूंढना काफी मुश्किल था जो भी गोताखोर पानी के अंदर जा रहे थे उनको भी कभी चोट आ जाती थी इसके बावजूद भी हमलोगों ने हिम्मत नहीं हारी।

# भुरकुंडा में खुला पुस्तक व कपड़ा बैंक

**छात्रों के लिए लाभदायक होगा यह बैंक : एसडीपीओ**



खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्थानीय युवाओं के सहयोग से भुरकुंडा थाना चौक के समक्ष शुक्रवार को निःशुल्क पुस्तक एवं कपड़ा बैंक का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन जिला सिविल सर्जन प्रभात कुमार, पतरातू एसडीपीओ डॉ. बीरेंद्र कुमार चौधरी, पतरातू बीडीओ हरिनाथ महतो, पतरातू सीओ शिवशंकर पांडेय, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी, पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अतिथियों ने सरस्वती माता के तस्वीर पर माल्यार्पण की।

अतिथियों ने कहा कि यह पुस्तक बैंक क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। एक सकारात्मक सोच के साथ इसकी शुरूआत करना वास्तव में सेवाभाव है। यह भविष्य में विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। बताया गया कि जिन्हें जरूरत नहीं दे जाएं और जिन्हें जरूरत है ले जाएं के तर्ज पर खुले इस बैंक का उद्देश्य गरीब विद्यार्थियों को सुविधा मुहैया कराना है। बैंक का संचालन कर रहे समिति के संरक्षक भुनेश्वर मेहता, विश्वरंजन सिन्हा, अनामिका श्रीवास्तव, पंकज कुमार, राकेश सिन्हा, मनोज सिन्हा, चंद्रमणि प्रसाद, राहुल प्रसाद, सतीश ठाकुर ने क्षेत्रवासियों से सहयोग की भी अपील की।

मौके पर प्रो. शीला सिंह, सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी, सांसद प्रतिनिधि संजीव ष्ण जमुवार, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, कन्हैया सिंह यादव, सतीश मोहन मिश्रा, मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप मांझी, मुखिया ब्यास पांडेय, मुखिया अजय पासवान, लक्ष्मी देवी, प्रो नितेश सिंह, रामू सिंह, सूरज करमाली, आशीष कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, दीपका सिंह, कुश श्रीवास्तव, अनूप ठाकुर, सलिल मोहन सिन्हा, अनुपम आनंद, रेणुका देवी, अमरेश सिंह, उदय वर्मा, लक्ष्मीकांत सिंह, अभिषेक सोनी, अशोक सोनी, संतन सिंह, राजेश सोनी, मंसूर खान, शशि गुप्ता, मनोज कुमार, अनिल केसरी, मधु कुमारी, अजित सिन्हा, मनोज करमाली, राज विश्वकर्मा, आजाद भुइयां, सुनील साव, दीपक कुमार, श्रवण कुमार, शुभम पासवान, अजित वर्मा, शक्ति यादव, राहुल वर्मा, अमित रजक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### गौतम बुद्ध प्रशिक्षण कॉलेज में पुस्तक का विमोचन



**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज में शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा सह पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव के दादा स्व. रामनरेश यादव को उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर याद किया गया। वहीं उनकी स्मृति में प्राचार्य की लिखी शिक्षाशास्त्र वस्तुनिष्ठ प्रश्न बैंक पुस्तक का विमोचन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उज्वल भारत ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि पूर्वजों का सम्मान करें और बच्चों में संस्कार का ज्ञान भरें। बतौर विशिष्ट अतिथि कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र ने संयुक्त परिवार की वकालत करते हुए कहा कि बढ़ते ओल्ड एज होम की प्रवृत्ति वर्तमान पीढ़ी की बदलती और गिरती मनोदशा का परिचायक है। पूर्वज ही हमारे सच्चे मार्गदर्शक हैं। मंच संचालन कशिश राज और रिया पाठक ने किया। इस मौके पर प्राचार्य ने अतिथियों, व्याख्याताओं और कर्मचारियों का सम्मानित किया।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़**

**शुद्धि-पत्र**

स प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई०- अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-RDSD/RAMGARH/02/2023-24 (PM-ABHIM- HSC) मद अन्तर्गत जिसका PR No.- 295619 Rural Work Department (2023-24):D में प्रकाशित क्र० सं० 01 से 06 की योजनाओं का प्राक्कलित राशि जो स्तम्भ- 05 में राशि 5542000/- प्रति इकाई के अनुसार अंकित है जिसे 5550000/- प्रति इकाई पढ़ा जाय।

**शेष सभी यथावत् है।**

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

PR295748 (Rural Work Department)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 02/2023-24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :- | दिनांक 03.05.2023 को 04.00 बजे अपराहन तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | | दिनांक 05.05.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | :- | दिनांक 05.05.2023 को 3.30 बजे अपराहन में। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह। |
| 6 | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :- | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह। (तीसरा तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड, गिरिडीह।) |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह। |
| 8 | कार्यो का विस्तृत विवरण | :- | |

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | गिरिडीह जिला अंतर्गत देवरी प्रखण्ड स्थित लकड़गढ़ा बाबा मंदिर में शिवगंगा में Bathing Ghat निर्माण। (पर्यटन मद) | 876778.00 | 17600.00 | 1250.00 | 02 माह |

9. निविदा की विस्तृत शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गिरिडीह

PR295736 (Rural Development)23-24*D

**Government of Jharkhand**
**Jharkhand Council for Education Research and Training (JCERT) Department of School Literacy and Education**

**Tender Notice**

RFP.Reference No. 578 Date: 19.04.2023

Director, Jharkhand Council for Education Research and Training (JCERT) invites sealed Request for Proposal (RFP) from eligible firms/suppliers for fixation of Rate and supply of stationery items. Details of Stationery items is in **Annexure 5 of Tender Document and is** available on **JCERT Website (jcert.jharkhand.gov.in)**.

In this regard, eligible firms/ suppliers shall submit its details documents pertaining to the eligibility criteria and price bid based on the formats/templates available with JCERT website and annexed in RFP document on or before 10.05.2023 at 06.00 pm either through post/courier or by hand.

| Sl No | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Last date of submission of bid along with Earnest Money Deposit (EMD) | 10.05.2023 | 06.00 PM |
| 2 | Opening of Technical Bid | 11.05.2023 | 04.00 PM |
| 3 | Opening of Financial Bid | 12.05.2023 | 04.00 PM |

The Director, JCERT, hereby considered as Authority, shall issue work order in favour of successful bidder as per the evaluated L1 Cost.

Sd/-
(Kiran Kumari Pasi, IAS)
Director, JCERT Jharkhand, Ranchi

PR.NO.295750 Jharkhand Council of Educational Research and Training(23-24):D

**ई - प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग**
**भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची**

**ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**
**टेन्डर रेफरेन्स नं0-BCD/CE/8/Latehar/2023-24दिनांक-21-04-2023**

| Sl.No | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | i | Proposed Upgradation of Administrative Block Class rooms with Landscaping work at Netarhat Residential School,Netarhat. | Rs.4,87,13,486.00 | 11 माह |
| | ii | Proposed Upgradation of Academic Block at Netarhat Residential School,Netarhat. | Rs.4,79,15,433.00 | 11 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 27-04-2023 |
| 4 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 15-05-2023 up to 11:00 A.M |
| 5 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई - प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। |
| 6 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 |
| 7 | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9835316593 |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

नोडल पदाधिकारी
ई - प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची

PR295754 (Building)23-24*D

**e-Procurement Cell**
**Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi**

**e-Procurement Notice, (Very Shorty Notice)**

**Tender Ref. No.-BCD/SECNC/01/Building Div. No.-1, Ranchi/2023-24-Date:21.04.2023**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Upgradation & Furnishing of hall and Reception Area (Ground Floor) at J.C.S.O.I. Club, Ranchi For the Year 2023 -24 | Rs. 81,98,300.00 | 6 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 26-04-2023 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 02-05-2023 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 03-05-2023 को दोपहर 12:00 बजे तक | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 03-05-2023 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi-834001 | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9801305638/8987663716 | |
| vii | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3530790 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

***Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.***

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Superintending Engineer,
Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Ranchi.

PR 295719 Building Construction Dept Chotanagpur Circle (23-24)#D

## स्पीड न्यूज

### लोहरदगा पहुंचे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मिला गार्ड ऑफ ऑनर



लोहरदगा। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बिशुनपुर गुमला में कार्यक्रम में भाग लेने जाने के दौरान शुक्रवार को लोहरदगा परिसदन पहुंचे। राज्यपाल के आगमन पर लोहरदगा जिला की सीमा पर उनका भव्य स्वागत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा गुलदस्ता भेंट कर किया गया। वहीं परिसदन परिसर में राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद राज्यपाल का काफिला विकास भारती, बिशुनपुर (गुमला) के लिए रवाना हो गया।

### लंबे समय से बंद पड़े शौचालय का जिप सदस्य ने किया निरीक्षण

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के समीप बने शुलभ शौचालय का जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने निरीक्षण कर वहां की मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उपस्थित लोगों ने जिप सदस्य को जानकारी देते हुए बताया कि सुविधा के अभाव में यह शौचालय कई वर्षों से बंद पड़ा है। वहीं शौचालय रोड लेवल से नीचे होने से बरसात में पानी से भर जाता है। जिसमें न तो पानी की सुविधा है और न साफ सफाई की। जिसके चलते बाहर से आने जाने वाले यात्रियों खास कर महिलाओं को काफी परेशानी होती है। इधर, ग्रामीणों ने जिप से मांग करते हुए इसी जगह पर नया शौचालय बनवाने की बात कही। जिसपर उन्होंने कहा कि मैं जल्द ही जिला में बात कर यहां नया शौचालय बनाने की मांग करूंगी। मौके पर पुनेर्दु शर्मा, सगीर खान व अन्य मौजूद थे।

### वीर कुंवर सिंह पर डॉक्यूमेंट्री प्रसारित



लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में शुक्रवार को वीर कुंवर सिंह को याद किया गया। विद्यार्थियों को उनसे जुड़ी डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इसके साथ ही उनके जीवनी और उपलब्धियों पर भी जानकारी दी गयी। इसके लिए विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा उनके चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इतिहास की आचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता ने छात्र छात्राओं को वीर कुंवर सिंह के बारे में बताया। कार्यक्रम में रश्मि साहू , चेतना प्रिया, कविता कुमारी, रेणु कुमारी, यशोदा कुमारी, आरती भगत, नीतू कुमारी, स्नेहा शर्मा सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### चैनपुर में बन रहे पुस्तकालय भवन का उप समाहर्ता ने किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश



चैनपुर। प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक परिसर में बन रहे पुस्तकालय भवन का उप समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने निरीक्षण कर निर्माण कार्य की जानकारी ली और कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने आगे कहा कि पुस्तकालय निर्माण हो जाने से यहां के बच्चों पढ़ाई के लिए एक नया प्लेटफॉर्म मिलेगा। इस पुस्तकालय में बच्चों के लिए सभी प्रकार के कंपीटिसन की तैयारी के लिए पुस्तक उपलब्ध रहेंगे ताकि बच्चों को बाहर से किताब न खरीदना पड़े। वहीं पुस्तकालय में कंप्यूटर एवं वाई फाई की सुविधा भी रहेगी। जिससे बच्चे ओनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे। वहीं पुस्तकालय में बच्चों को पढ़ाई के लिए 120 रू शुल्क रखा गया है और मई महीने में पुस्तकालय को शुरू कर दिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान बीडीओ डॉ शिशिर कु सिंह, सुमित खलखो, बानेश्वर भगत, बिक्की कुमार,कमल तिर्की सहित कई लोग मौजूद थे।

### कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन आज

लोहरदगा। जिला स्तरीय व-20 जूनियर बालक फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल एवं बालिका फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता चयन ट्राइल, लोहरदगा बीएस कॉलेज स्टेडियम में दिन शनिवार 22 अप्रैल 2023 दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला का कोई भी खिलाड़ी भाग ले सकता है। इस प्रतियोगिता में 2003, 2004, 2005, (एवं 2006 के जन्म तिथि वाले खिलाड़ियों को मेडिकल सर्टिफिकेट/ पैरेंटल सर्टिफिकेट) वाले प्रतिभागी खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। लोहरदगा जिला कुश्ती संघ के सचिव अजीत भगत ने कहा कि जो भी खिलाड़ी का सिलेक्शन किया जाएगा। वे राज्य स्तरीय व-20 जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता स ह चयन ट्रायल भाग लेंगे, शनिवार दिनांक 29 अप्रैल 2023 को गणपत राय इंदौर स्टेडियम खेल गांव होटवार में होगा।

### विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अदा की अलविदा जुमे की नमाज



गुमला। रमजान के पाक महीना का आखिरी जुम्मे की अलविदा नमाज शुक्रवार को गुमला जिला के विभिन्न प्रखंडों स्थित मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अदा की। गुमला शहर के थाना रोड स्थित जामा मस्जिद में अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गई और देश की अमन चैन व परिवार की खुशहाली की इबदात अल्लाह से की गई। वहीं सिसई प्रखंड के मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बडी ही सादगी के साथ नमाज अदा की। सिसई मुख्यालय सहित आस पास के मस्जिदों में अलविदा जुम्मे की नमाज पढ़ी गई। नमाज के लिए मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों की भीड़ उमड़ी थी। अलविदा जुम्मे की नमाज कि तैयारी सुबह से ही लोग करने लगे थे। अलविदा जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद देश के लिए अमन चैन व शांति के लिए दुआ मांग गई। सिसई प्रखंड के जामा मस्जिद, सिसई बस्ती मस्जिद, छरदा रोड मस्जिद, रहमत नगर मस्जिद, अंबार मस्जिद, सुरसा मस्जिद, करकरी मस्जिद, बघनी मस्जिद, लोहंजारा मस्जिद आदि मस्जिदों में अलविदा जुम्मे की नमाज मुस्लिम समाज के लोगों ने अदा की। अलविदा जुमा खास महत्व रखता है इस माह दुनियाभर के मुसलमान पूरी अजमत अकीदत के साथ अल्लाह की इबादत करते हैं।

# पूरे देश का मॉडल बने विकास भारती का ग्रामीण विकास मॉडल : राज्यपाल

- राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया विशुनपुर में सिनगी दई वन विज्ञान बहुआयामी प्रशिक्षण भवन का शिलान्यास
- कुशल कारीगरों के बीच किया गया प्रमाण पत्र वितरण, विकास भारती के विभिन्न आयामों का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**







1. कार्यक्रम में पत्तल से बने टोपी पहनाकर अतिथियों का हुआ स्वागत। 2. कुशल कारीगर का प्रमाण पत्र महिला को देते राज्यपाल, सांसद व पद्मश्री अशोक भगत और 3. वन विज्ञान केंद्र का शिलान्यास करते राज्यपाल।

गुमला। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि वीरांगना सिनगी दई वन विज्ञान बहुआयामी प्रशिक्षण भवन का शिलान्यास कर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। भविष्य में इस वन विज्ञान केंद्र में जो रिसर्च होंगे वह झारखंड व देश के विकास में सहयोग प्रदान करेगा। औषधीय व सुगंधीय पौधों पर विकास भारती का कार्य सराहनीय है। एनएसडीसी के सहयोग से विकास भारती जो कार्य कर रहा है वह आने वाले दिनों में मील का पत्थर साबित होगा। श्री राधाकृष्णन शुक्रवार को विकास भारती विशुनपुर द्वारा आयोजित वन विज्ञान केंद्र व कुशल कारीगरों के बीच प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।


उन्होंने कहा कि विकास भारती का ग्रामीण विकास का मॉडल पूरे देश के मॉडल के रूप में सामने आये। साथ ही पूरे देश में विकास भारती के मॉडल को लागू किया जाये। राज्यपाल ने कहा कि आने वाले दिनों में वन विज्ञान एक अच्छा प्लेटफार्म साबित होगा। जिसका लाभ पूरे राज्य को मिलेगा और युवा शक्ति व समाज का मार्ग दर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि विकास भारती ट्राईब क्षेत्र में शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, पेयजल के क्षेत्र में अच्छा काम किया है। जिसे विकास भारती की समाज में अलग पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुझे विकास भारती भ्रमण करने की बात कही थी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू रॉल मॉडल हैं। उन्होंने कहा कि विशुनपुर प्रखंड का बलात ट्राईबल क्षेत्र है। यहां के विकास में वन विज्ञान केंद्र महती भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विकास भारती का आश्रम व्यवस्था बहुत अच्छा है। विकास भारती ट्राईबल क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दे रहा है।

**आत्म निर्भर भारत का सपना विशुनपुर से निकल रहा है : वेद प्रकाश**- एनएसडीसी के सीओ वेद प्रकाश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो आत्म निर्भर भारत का सपना देखा है वह विशुनपुर से निकलकर जा रहा है। जल जंगल जमीन से आत्म निर्भर भारत की कल्पना पूरी होगी। उन्होंने कहा कि वन विज्ञान केंद्र से राज्य में नया आयाम जुडेगा। सात महीनों में वन विज्ञान केंद्र का कंस्ट्रक्शन पूरा होगा। 40 वर्षों से विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने जिस जमीन पर कार्य किया वह आज एक छोटे पौधे से बड़ा पेड़ बन गया है। उन्होंने कहा कि वन विज्ञान में प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को राष्ट्रीय स्तर का प्रमाण पत्र दिया जायेगा। आईएमए के दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि एनसडीसी व आईएमए के बीच एमओयू होगा। जिसे देश व दुनिया के लिए बेहतर कार्य हो सकेगा।

**विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित :** कार्यक्रम में फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाली सरोज देवी व बसंती देवी, बी किपर पर अच्छा कार्य करने वाले राजेंद्र लोहरा व सुदामा उरांव, मेडिसिन प्लांट में कार्य करने वाली श्वेता देवी व मंजिता देवी को राज्यपाल के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर विकास भारती विशुनपुर के महिलाओं के द्वारा बनाया गया समान राज्यपाल को भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।

**कार्यक्रम में ये थे उपस्थित :** कार्यक्रम में सांसद सुदर्शन भगत, सांसद समीर उरांव, सांसद सुनील सोरेन, भाजपा के संगठनमंत्री बी सतीश, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, कृषि विज्ञान केंद्र के समन्वयक संजय पांडेय, भिखारी भगत, डॉ अजय सिंह, अशोक कुमार, डीडीसी हेमंत सती, एसपी ऐहतेशाम वकारिव, अटल बिहारी तिवारी, एनो राय, नीरज वैश्य सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रंजना चौधरी ने की।

### जड़ी-बूटी के विकास में वन विज्ञान केंद्र का रहेगा अहम योगदान : अशोक भगत



विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि वीरांगना सिनगी दई के नाम पर वन विज्ञान केंद्र की स्थापना हुई है। भविष्य में यह केंद्र जडी बुटी के विकास में अहम योगदान देगा। देश के प्रशिक्षित शिक्षक लोगों को प्रशिक्षण देकर वन औषधी के क्षेत्र में परांगत बनायेंगे।

### सालम उद्यान में राज्यपाल व सांसदों ने किया पौधरोपण



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सबसे पहले विशुनपुर पहुंचे। जहां विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत व अन्य अतिथियों के द्वारा उनका स्वागत किया गया। जहां से वे सीधे बलातू गये। बलातू में वन विज्ञान केंद्र का शिलान्यास किये। वहां से विकास भारती के सालम उद्यान पहुंचे। सालम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सांसद सुदर्शन भगत, सांसद सुनील सोरेन व सांसद समीर उरांव ने पौधारोपण किया। जिसके बाद बनारी स्थित जतरा टाना भगत स्मारक पर पुष्प अर्पित कर राज्यपाल ने श्रद्धांजलि दी। वहां से वे ज्ञान निकेतन व विकास भारती के द्वारा संचालित विद्या मंदिर का निरीक्षण किये। जिसके बाद सभास्थल पहुंचकर कुशल कारीगरों के बीच उन्नयन प्रमाण पत्र का वितरण किया।

# पीएम किसान पेंशन योजना में बहुत कम आवेदन : राज्यपाल

- घाघरा में राज्यपाल ने किया परिसंपति का वितरण, ग्रामीणों से किया वार्तालाप
- ट्रैक्टर में बैठकर महिला किसानों को कृषि के लिए किया प्रेरित

**खबर मन्त्र संवाददाता**





ट्रैक्टर में बैठकर महिलाओं को कृषि के लिए प्रेरित करते राज्यपाल और महिला को योजना का लाभ प्रदान करते राज्यपाल।

घाघरा। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन विशुनपुर से लौटने के दौरान घाघरा प्रखंड के नवडीहा पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों से वार्तालाप किये और परिसंपत्तियां बांटी। मौके पर डीडीसी हेमंत सती, एसपी एहतेशाम वकारीब, बीडीओ विष्णु देव कच्छप व नवडीहा पंचायत के मुखिया राजकुमार भगत ने बुके, मोमेंटो, रागी लड्डू व टांगीनाथ धाम का चित्र राज्यपाल को भेंट किया। मुखिया ने पंचायत में चल रहे विकास कार्य व विकास कार्यों से लाभान्वित लाभुकों की सूची राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया।

**खास बातें :** राज्यपाल ने ग्रामीणों से वार्तालाप करते हुए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान पेंशन योजना, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन सहित कई योजनाओं में मिलने वाले लाभ की जानकारी मौजूद ग्रामीणों से ली। इस दौरान राज्यपाल ने कहा प्रधानमंत्री किसान पेंशन योजना में बहुत कम लोगों का आवेदन हुआ है। जिसके कारण योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। इस पर जल्द से जल्द वृद्धि करे। जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों का हर संभव मदद करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के लिए आवश्यकता के अनुसार आवेदन बनाकर उपायुक्त के समक्ष जमा करने की बात कही ताकि उक्त स्थल पर सड़क बनाया जा सके। राज्यपाल ने कहा क्षेत्र के लोग कैसे जीवन जीते हैं इसे देखने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ क्षेत्र के लोगों से मिलकर मुझे काफी अच्छा लगा। पंचायत में पुरुष से अधिक महिलाओं की जनसंख्या पर राज्यपाल ने खुशी जाहिर की और महिलाओं को सम्मान देने की बात कही। आने वाले भविष्य के लिए शिक्षा बहुत ही आवश्यक है।

# अंतिम जुमे की नमाज पर उमड़ी भीड़ नमाजियों ने अमन-चैन की मांगी दुआ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



नमाज अदा करते लोग।

लोहरदगा। पवित्र रमजान माह के अंतिम जुम्मे की नमाज जिले के विभिन्न मस्जिदों में पढ़ी गई। रमजान के अंतिम जुम्मे के दिन शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी मस्जिदों में हजारों मुसलमानों ने नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके साथ माह-ए-रमजान मुबारक को अलविदा किया गया। अब मुस्लिम धर्मावलंबियों को चांद के दीदार का इंतजार रहेगा। शहर के जामा मस्जिद से लेकर मस्जिद के बाहर सड़क पर चिलचिलाती धूप में हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों और रोजेदारों ने जुमे की नमाज अदा की। इसके अलावा बेलाल मस्जिद, बंगले वाली मस्जिद, मोती मस्जिद, मस्जिदे कुरैश, मस्जिदे गौस-ए-पाक, ताजउल मुनीर, मस्जिदे अतार, पावरगंज मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने जुमे की नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी।

**खास बातें :** मुस्लिम धर्मावलंबियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए मुख्य पथ पर नमाज के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश को रोक दिया गया था।साथ ही सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। जामा मस्जिद के बाहर लोगों ने पूरे आस्था और विश्वास के साथ नमाज अदा की। इसमें बच्चे, युवा और बूढ़े सभी शामिल थे। जुमे की नमाज को लेकर आज का दिन लोगों के लिए खास रहा और उनमें एक अलग ही उल्लास छाया हुआ था। अंतिम जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। इस दौरान उपद्रवियों पर पुलिस की कड़ी नजर थी। शहर से लेकर प्रखंड मुख्यालयों में जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ हीं जरूरत वाले स्थानों पर वाहनों का परिचालन वर्जित किया गया था। जामा मस्जिद की ओर जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया था।

# घाघरा : सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहन को जलानेवाला पीएलएफआइ उग्रवादी गिरफ्तार

- गिरफ्तार उग्रवादी की निशानदेही पर पुलिस ने हथियार व कारतूस बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरफ्तार उग्रवादी के साथ पुलिस उपाधीक्षक अभियान, थाना प्रभारी व अन्य।

घाघरा। विशुनपुर थाना क्षेत्र के टेमरकरचा में बीते 10 अप्रैल को पीएलएफआई नक्सलियों के द्वारा विकास कार्य में लगे वाहन पर किये गये आगजनी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस संबंध में घाघरा थाना में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस उपाधीक्षक अभियान मनीष कुमार, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, थानेदार अमित कुमार चौधरी व कुंदन सिंह ने जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक अभियान ने बताया कि सत्य कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा जमटी से टेमरकरचा सड़क बनाने का काम किया जा रहा है। जिसमें काम कर रहे एक वाहन व पेवर मशीन को आग लगा दिया गया था और पीएलएफआई का पर्चा फेंक कर काम को रोक देने की बात कही गयी थी।

**खास बातें :** इसके आलोक में पीएलएफआई संगठन के 6-7 अज्ञात लोगों के विरुद्ध विशुनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की आरंभ की गई। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि अजय उरांव एवं उनके साथियों के द्वारा भय का माहौल बनाने के लिए घटना की योजना बनाई गई थी। अजय उरांव उर्फ संजय उरांव उर्फ दिलजल उरांव जो लोहरदगा जिला के कैरो प्रखंड अंतर्गत तोरांग गांव का रहने वाला है। जिसकी घटना में संलिप्तता के संबंध में पुलिस को सबूत मिली। जिसके बाद आवश्यक पूछताछ के लिए अजय उरांव को गुमला लाया गया। पूछताछ के क्रम में अजय ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की एवं अपने साथी कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी जो रांची जिला के चान्हो थाना अंतर्गत बलसोकरा का रहने वाला का नाम बताया। साथ ही अजय के निशानदेही पर उसके घर के पीछे छुपा कर रखा हुआ एक देसी कट्टा, 0.315 बोर की जिंदा गोली व एक पीएलएफआई का पर्चा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि बाकी उग्रवादियों की भी गिरफ्तारी के लिए छानबीन की जा रही है। उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### स्वास्थ्य केंद्र डुमरी में मना परिवार कल्याण दिवस

डुमरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी में परिवार कल्याण दिवस मनाया गया। जिसमें लाभार्थियों को परिवार नियोजन के विभिन्न विधियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। नव दंपति एवं अन्य प्रजनन वर्ग के योग्य दंपति के लिए परिवार नियोजन मां एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श दी गई। परिवार नियोजन से संबंधित स्थाई एवं अस्थाई विधियों की जानकारी दी गई। परिवार कल्याण दिवस में चिकित्सा प्रभारी डॉ अलबेल केरकेट्टा, डॉ अंकित तिर्की, बीपीएम राजेश केरकेट्टा, इंदु कुमारी, भांता टोप्पो, मंजुला मिंज, देवकुमार प्रसाद सहित अन्य चिकित्सा कर्मी और लाभार्थी उपस्थित थे।

### बच्चों के संरक्षण को तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न



लोहरदगा। छतर बगीचा स्थित होप कार्यालय में टीडीएच कोलकाता ने तीन दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन किया। 19 से 21 अप्रैल तक 3 दिनों में बच्चों के संरक्षण, बच्चों के अधिकार एवं जेंडर मुद्दों पर होप की मैनेजिंग ट्रस्टी मनोरमा एक्का एवं श्रेया दास द्वारा बेड़ो प्रखंड के किशोर किशोरियों को बताया गया। टीडीएच कोलकाता से आई श्रेया दास ने किशोर किशोरियों को बच्चों के अधिकार एवं उनकी सुरक्षा को लेकर के बातचीत की। ग्रुप चर्चा एवं उसके प्रस्तुतीकरण खेल से बच्चों से उनके शारीरिक संरचना विभिन्न प्रकार के बच्चों पर हो रहे शोषण तथा अन्य बच्चों से संबंधित समस्याओं पर बातचीत हुई।

# शहीद पांडे गणपत राय के 165वें शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि

- 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायक शहीद थे पांडेय गणपत राय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



श्रद्धांजलि देते लोग।

भंडरा। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायक शहीद पांडेय गणपत राय का आज 165 वे शहादत दिवस के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिधियों एव सामाजिक कार्यकर्ताओ ने शहीद के पैतृक गांव भौरों मे स्थित शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । मौके पर पूर्व जिप सदस्य शामिल उरांव ने कहा कि शहीद पांडे गणपत राय के बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। आने वाली पीढ़ी के लिए वे हमेशा प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे। अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने वाले अमर वीर शहीद पाण्डेय गणपत राय जी के शहादत दिवस पर उन्हें शत-शत नमन। सामाजिक कार्यकर्त्ता व भाजपा नेता बालकृष्णा सिंह ने कहा की देश की आजादी की लड़ाई में झारखंड के सैकड़ों सपूतों ने अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था और शहीद भी हुए थे। इन शहीदों में पांडेय गणपत राय भी थे, जिनका नाम बड़े गर्व से याद किया जाता है।

**कार्यक्रम की खास बातें**

उन्होंने ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नेतृत्व में आजादी के दीवानों के सेनापति के रूप में काम किया इथा और छोटानागपुर में अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिला दी थीं। इस मौके पर भौरों मुखिया सुमंती उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता बालकृष्ण सिंह, परमानंद प्रजापति कल्याण पन्ना कृष्णा उरांव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### भंडरा में अलविदा नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

# नमाजियों ने देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मस्जिद में तैनात पुलिस अधिकारी।

भंडरा। प्रखंड मे अलविदा जुमा की नमाज को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में शुक्रवार को खासा उत्साह नजर आया। दोपहर को भंडरा के जामा मस्जिद, कुम्हारिया, तेतारपोका, मसमानो, अंबेरा सहित क्षेत्र की तमाम मस्जिदों में नमाज के लिए रोजेदारों और नमाजियों की भीड़ जुटी रही। इबादत कर नमाजियों ने देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर भंडरा प्रभारी गौतम कुमार अपने दल बल के साथ मस्जिद और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

**खास बातें :** अलविदा जुमा की विशेष नमाज शुक्रवार को भंडरा जामा मस्जिद में हुई। दोपहर 1 बजे से ही नमाजियों का आना शुरू हो गया था मुस्लिम समाज में जुमे की नमाज को लेकर काफी उत्साह था। धूप और गर्मी की फिक्र किये बिना छोटे बच्चे भी काफी संख्या में मस्जिद पहुंचे। अपनी तकरीर में समुचित क्षेत्र सहित पूरे देश में अमन चैन तरक्की और खुशहाली की दुआ की। उन्होंने नफरत समेत सारी बुराइयों को समाप्त करने और नेकी की राह पर चलने की सीख दी। कहा कि इंसानियत से बढ़कर दुनिया में कुछ नहीं आपस में भाईचारा की भावना से ही मुल्क की जनता हर तरह से सुरक्षित रहेगी। उन्होंने बुरी सियासत से बचने की सीख दी। मौके पर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि जुमा की नमाज शांति चैन से संपन्न कराने को लेकर प्रत्येक मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात किया गया था।

# नमाज ए अलविदा जुमा को लेकर मुस्लिम मुहल्लों में सुबह से ही चहल पहल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय समेत विभिन्न क्षेत्रों में रमजान उल मुबारक की अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई। शुक्रवार को जलवाबाद स्थित मदीना मस्जिद में मौलाना शहादत हुसैन, जामा मस्जिद में कारी खैरुलवरा, बेलाल मस्जिद में हाफिज शफीक, मस्जिद ए हेरा असनाबाद में हाफिज सरफराज ने नमाज ए अलविदा जुमा अदा कराई, जबकि भादोडीह मस्जिद में हाफिज मंजर ने अलविदा जुमा की नमाज पढाई। नमाज ए अलविदा जुमा को लेकर मुस्लिम मुहल्लों में सुबह से ही चहल पहल देखी गयी।

## ईद को लेकर जगह-जगह पर पुलिस बल के साथ दंडाधिकारियों को किया गया प्रतिनियुक्त

# सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने का निर्देश

### अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई



**कोडरमा।** ईद उल फितर के त्यौहार को जिले में शांतिपूर्ण और भाईचारगी के साथ सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन और एसपी कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से निर्देश जारी कर जिले के विभिन्न चौक चौराहों, संवेदनशील जगहों, मस्जिदों व ईद्गाहों के समीप पुलिस पदाधिकारी, दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल को तैनात किया गया। जारी निर्देश में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को कहा गया है कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने की आशंका होने और तत्काल इसकी सूचना एसडीपीओ, एसडीओ और सम्बंधित थाना प्रभारी को दें, इसके अलावे उन्हें संदिग्ध आचरण वाले व्यक्तियों की आवश्यक जांच कर जरूरत पड़ने पर निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। वहीं सभी थाना प्रभारियों, बीडीओ, सीओ, नगर प्रशासकों को अपने अपने क्षेत्रों में निगरानी और चौकसी बरतने, शांति व्यवस्था बनाये रखने, त्योहार के दिन जहां ज्यादा भीड़ इकट्ठी हो वहां का वीडियोग्राफी करवाने आदि का निर्देश दिया गया

# माहे रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा की नमाज अदा की

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** माहे रमजान के आखिरी जुम्मे पर शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई। अलविदा की नमाज के दौरान प्रखंड के जामा मस्जिद मरकच्चो, खेशमी, देवीपुर, लालूडीह विंडोमोह, शाहगंज, कर्बला नगर, नादकरी, भोजपुर, महुआटांड़, नावाडीह, दरदाही, महूगांय, दशारो, मेहतरिया अहरी, मंझला नगर, पूर्णानगर, लोहड़ियो, मूर्कमनाया आदि समेत प्रखंड के कई मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड के सभी मस्जिदों में हजारों लोगों ने जुम्मे की नमाज अदा की। नमाज के दौरान लोगों ने अल्लाह से मुल्क, बिरादरी व मिल्लत की दुआ मांगी। इस दौरान लोगों के हाथ इबादत के लिए उठे तो उनके मुंह से सिर्फ शांति की ही बात निकल रही थी। अलविदा नमाज के दौरान रोजेदारों में इस बात का भी मलाल था कि पवित्र माह अब समाप्त होने को है। नमाज के बाद सभी मस्जिदों में मौलाना ने पवित्र माह के बचे चंद लम्हों को पहले की तरह इबादत में गुजारने की सलाह दी। रमजान के आखिरी जुम्मे को अलविदा के नाम से



पुकारा जाता है। इसके बाद कोई जुम्मा नहीं आता इसलिए आखरी जुम्मे को पढ़ी जाने वाली नमाज अलविदा की नमाज कहलाती है। वैसे तो इस्लाम धर्म में हर जुम्मे की अहमियत है लेकिन रमजान का आखिरी जुम्मा होने के चलते यह खास हो जाता है। एक तरह एक बात का संकेत भी होता है कि रमजान का जो एक महीना इबादत के लिए मिला था उसके खत्म होने में चंद समय ही बाकी रह गया है। नमाज के बाद विभिन्न मस्जिदों में मौलाना ने तकरीर कर फितरा, जकात व शबे कद्र के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि फितरे की रकम हर हाल में ईद की नमाज के पहले अदा कर देना चाहिए। जकात के लिए इसकी कोई बंदिश नहीं है। अलविदा की नमाज कुशल पूर्वक संपन्न कराने के लिए इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी लव कुमार, नवलशाही थाना प्रभारी अनिल सिंह समेत कई पदाधिकारी क्षेत्र के मस्जिदों और इमामबाडों पर चौकशी करते हुए नजर आए। वहीं मरकच्चो व नवलशाही थाना क्षेत्र के सभी मस्जिदों पर अलविदा की नमाज अदा कराने के लिए सुबह से ही भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

# एएसपी ने किया इलाके का निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** माह ए पाक रमजान अब अपने पड़ाव पर है। इलाके में ईद की दस्तक हो चुकी है। मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे दिन रोजा रखकर खुदा की बंद्गी कर रहे है। साथ ही नेकी और बरकत की दुआ कर रहे है।

इन सबके बीच शुक्रवार को इलाके में अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गई। वहीं लोगों ने इस बार रमजान की आखिरी सेहरी, आखिरी जुम्मा और आखिरी अफ्तार किया। प्रखंड के जयनगर, लोहाडंडा, पेठियाबागी, गोपालडीह, खेसकरी, कटहाडीह, पिपचो, बेको, गरचांच, मंडारिया, पथलकुदवा, तिलोकरी सहित विभिन्न इलाकों में शुक्रवार को जुम्मे की नमाज अदा करने के लिए लोगों की भारी भीड़ रही। इस दौरान सभी लोगों ने अमन चौन की दुआ की।

## ईद की नमाज का समय हुआ तय

ईद उल फितर की नमाज मस्जिदों एवं ईद्गाहों में अदा होने का समय तय किया गया, जिसमे स्थानीय जयनगर सहित विभिन्न इलाकों में सुबह 7:30 मिनट से लेकर 9:00 बजे की बीच समाप्त हो जायेगी। जिसको लेकर मुहल्लो, मस्जिदों एवं ईद्गाहों को सजा दिया गया है। प्रखंड के विभिन्न इलाकों में अलविदा जुमा की नमाज एवं ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसको लेकर एएसपी प्रवीण पुष्कर, सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक, मायका इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा सहित विभिन्न पुलिस कर्मियों ने विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया। सभी प्रखंड वासियों को ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से मना कर शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की।

# सड़क दुर्घटना में दो महिला सहित एक युवक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नशे में चूर मोटरसाइकिल चालक ने एक मोटरसाइकिल में पीछे से जोरदार धक्का मार दिया। जिसमें एक चालक सहित दो महिला बुरी तरह घायल हो गए। घायलों में कांडी थाना क्षेत्र के शिवरी गांव निवासी सुनील पासवान के 45 वर्षीय पत्नी तारा देवी, 28 वर्षीय पुत्री शशि देवी एवं 22 वर्षीय पुत्र अजय कुमार का नाम शामिल है।सभी घायलों को टेंपो के माध्यम से मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां उपस्थित चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में घायल के पति सुनील पासवान ने बताया कि पुत्री शशि देवी एवं पुत्र अजय कुमार का तबीयत खराब था। जिसका इलाज कराने के लिए एक मोटरसाइकल पर सवार होकर मेरी पत्नी व दोनों बच्चे मझिआंव आ रहे थे। इसी बीच लंगोटिया बाबा के समीप पहुंचते ही पीछे से नशे में धुत मोटरसाइकिल चालक ने धक्का मार दिया। नशे में धुत मोटरसाइकिल चालक बरडीहा थाना क्षेत्र के स्व. विजय पासवान के 30 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र पासवान ने बताया कि कांडी में आधा बोतल शराब पीकर हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से अपने घर बरडीहा आ रहे थे। इसी बीच लंगोटिया बाबा के समीप पहुंचते ही गलती से आगे जा रही मोटरसाइकल में पीछे से धक्का लग गया। इस दुर्घटना में सत्येंद्र पासवान को भी आंशिक चोटे लगी है।

## आरकेपीएस में निबंध, पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

**गढ़वा।** शहर के आरके पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को जल संरक्षण पर जागरुकता अभियान के तहत निबंध, पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में कक्षा छह में रागिनी कुमारी, दिव्या कुमारी व स्नेहा कुमारी, कक्षा सात में नमन विश्वास, जरीन सरवर खान व अंजलि कुमारी एवं कक्षा आठ में रीतिक वर्मा, अराध्या कुमारी व निमसा ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सफल सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## ब्लॉक 11 व लंगड़ी की टीम विजयी

**भवनाथपुर।** युवा शक्ति क्लब के तत्वावधान में टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित युवा शक्ति अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट के दसवें दिन दो मैच खेले गए। मैच के मुख्य अतिथि शिक्षक बब्लू सिंह एवं उमेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरूवात की। पहला मैच कपूर्री चौक क्रिकेट क्लब और ब्लॉक 11 क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें ब्लॉक 11 टीम सात विकेट से विजयी हुई। दूसरा मैच धनीमंडरा क्लब एवं लंगडी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें लंगडी टीम नौ विकेट से विजयी हुई।

# एनडीए की ऑल इंडिया मेक्स मेधा सूची में सैनिक स्कूल तिलैया ने लहराया परचम









**कोडरमा।** माँ भारती सदा से ही वीर प्रसविनी पुण्य भूमि रही है, समय-समय पर इस माँ की कोख से अनेकों वीर सपूत जन्म लेते रहे हैं। जिन्होंने समय आने पर इस मिट्टी और इसके वासियों की जिम्मेदारी ली है और निर्वहन भी किया है। इसी परम्परा को सैनिक स्कूल तिलैया जैसे गौरव संस्थान ने एक बार फिर प्रमाणित किया है। ज्ञात हो कि सैनिक स्कूल तिलैया ने अनेकानेक होनहार सैन्य-छात्रों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का स्वर्णिम द्वार दिखाया है। उसी इतिहास को पुनः दुहराते हुए इस वर्ष एनडीए की ऑल इंडिया मेधा सूची में फिर से होनहार सैन्य-छात्रों ने रिकॉर्ड स्थापित कर झारखंड प्रदेश सहित पूरे देश का मान बढ़ाया है। बताते चलें कि यूपीएससी ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की एनडीए परीक्षा सत्र 2022-23 की अखिल भारतीय मेधा सूची प्रकाशित कर दी है। जिसमे सैन्य-छात्र वसीम ने 13वां सैन्य-छात्र हर्ष 33वां सैन्य-छात्र अभय 101वां और सैन्य-छात्र दिवाकर ने 345वां स्थान प्राप्त किया है। इस संदर्भ में विद्यालय के प्राचार्य एवं वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी ग्रुप सकलानी ने बताया कि सैनिक स्कूल तिलैया शुरू से ही ऐसे मेधावी सैन्य-छात्रों का सृजनकर्ता रहा है और आने वाले दिनों में भी राष्ट्र-प्रेम के जज्बे और असीम ऊर्जा से भरे सैन्य-छात्रों की पूरी फौज मौजूद है। जो कि समय के साथ अपने पराक्रम के प्रदर्शन के लिए तैयार रहेगी। वहीं विद्यालय के प्राचार्य एवं वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी ग्रुप कैप्टन राहुल सकलानी ने बताया कि सैनिक स्कूल शुरू से ही ऐसे मेधावी सैन्य छात्रों के सृजनकर्ता रहा है और आने वाले दिनों में ही राष्ट्रप्रेम के जज्बे और असीम ऊर्जा में भरे सैन्य छात्रों की पूरी फौज मौजूद है। जो इस समय के साथ अपने पराक्रम के प्रदर्शन के लिए तैयार रहेगी। उन्होंने मेधा सूची में नाम दर्ज किए इन सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर धीरज कुमार विश्वकर्मा, अनंत श्रीवास्तव एवं मनोरंजन पाठक मौजूद थे।

# रेफरल प्रभारी ने किया जागरूकता रथ को रवाना



रथ को रवाना करते रेफरल प्रभारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** परिवार नियोजन के तहत मिशन परिवार विकास अभियान - 2 के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए स्थानीय रेफरल अस्पताल परिसर में रेफरल प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ एवं बीपीएम रूबी तबस्सुम ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ रवाना किया। मौके पर रेफरल प्रभारी ने कहा कि प्रत्येक माह के 21 तारीख को परिवार कल्याण दिवस मनाया जाता है। परिवार कल्याण योजना के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए 11 अप्रैल से 10 मई तक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा।

कहा की सहिया द्वारा योग्य दंपत्ति के लिए परिवार नियोजन की सारी सुविधाएं स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। बीपीएम ने कहा कि परिवार नियोजन हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। मौके पर आलोक कुमार सिंह, सहिया एवं बीटीटी उपस्थित थे।

# किसानों के हित के लिए संकल्पित है सरकार, चल रही हैं कई योजनाएं : मिथिलेश

### कृषि व खाद्य प्रसंस्करण सम्मेलन का आयोजन, मंत्री ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पीएचडी चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से कृषि उपज के वित्त, प्रौद्योगिकी और बाजार लिंकेज के उद्देश्य से शुक्रवार को कृषि महाविद्यालय में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मंत्री ने कृषकों को उद्योग स्थापित करने के लिए लाभुकों के बीच चेक वितरण किया। मौके पर मंत्री



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मंत्री।

श्री ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम से कृषकों को काफी फायदा मिलेगा। हमारा देश कृषि प्रधान देश है, और गढ़वा एक ऐसा जिला है जहां हम केवल खेती पर ही निर्भर हैं। हमारा उद्देश्य है कि किसानों की उपज का पूरा लाभ उन्हें मिले। इसलिए एफपीओ समेत तकनीकी जानकारी के माध्यमों से उन्हें जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम किसी भी कार्यक्रम में अन्य राज्यों से फूल लाकर सजावट करते हैं। जबकि गढ़वा जिले में ही हमारे पास ऐसे कई उदाहरण है जहां किसान फूल की उपज बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। जिले में स्ट्रॉबेरी, मशरूम समेत अन्य की भी खेती बड़े पैमाने पर हो रही है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित की रक्षा के लिए संकल्पित है। राज्य सरकार ने कृषको के लिए कई योजनाएं बनाई है। उन योजनाओं की जानकारी कृषक तक पहुंचाना और पूरे योजना का लाभ दिलाना हमारी जिम्मेवारी है। उन्होंने बैंकों से भी कृषक के साथ सहयोग करने की अपील की। मंत्री ने सरकारी योजनाओं से जुड़ी विभिन्न जानकारियों को सरलता से कृषक के बीच पहुंचाने के लिए एक सहज बुकलेट तैयार करने को कहा। जिससे किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी सरलता से मिल सके एवं योजना का लाभ लेने में उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

## एक नजर में

### स्वच्छता को लेकर निकाली गयी रैली



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारिसाखी में मुखिया सुमीरा कुमारी तथा प्रधानाध्यापक राजकुमार यादव के नेतृत्व में स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली उत्क्रमित मध्य विद्यालय से शुरू होकर संपूर्ण गांव का भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। इस दौरान बच्चों ने नारे लगाकर स्वच्छता के प्रति बारिसाखी ग्राम वासियों को जागरूकता का संदेश दिया जागरूक किया गया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती तथा शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।

### बीडीओ ने सिमरिया चौक पर चलाया स्वच्छता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** पंचायती राज्य केंद्रीय मंत्री के निदेर्शानुसार शुक्रवार को सिमरिया सुभाष चौक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान बीडीओ नीतू सिंह की नेतृत्व में चलाई गई। पंचायती राज्य केंद्रीय मंत्री ने चार दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिसके प्रथम दिन 21अप्रैल को सिमरिया सुभाष चौक के सभी मार्गो पर पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। पंचायती राज दिवस मुख्य रूप से 24 अप्रैल को मनाया जाएगा। यह अभियान स्वच्छता स्वास्थ पाल एवं महिला नेतृत्व पंचायत का निर्माण से संबंधित वातावरण को बढ़ावा देने को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख रोहन साहू, उप प्रमुख दामोदर गोप, जिप सदस्य देवनंदन साहू, झामुमो नेता पूरन राम,मालेश्वर साव,भूपेंद्र ठाकुर, मुखिया सुधीर सिंह,पंसस परमेश्वर यादव के साथ काफी संख्या में महिला पुरूष व ग्रामीण उपस्थित थे।

### एक दर्जन दंपतियों के बीच किट और उपहार वितरित

**भवनाथपुर।** परिवार कल्याण दिवस पर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह ने अस्पताल में पहुंचे योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आप बच्चों में जितना भी अंतर चाहें में अंतर ला सकती हैं, क्योंकि उसके लिए कई विभिन्न प्रकार के उपाय हैं।

### खबर के असर से चापाकल की हुई मरम्मत



खबर मन्त्र संवाददात

**इटखोरी।** बीते गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के इटखोरी बाजार में चापाकल खराब होने की खबर को खबर मन्त्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिस पर विभाग ने संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को चापाकल की मरम्मति कर दिया। चापाकल की मरम्मत होने से लोगों में खुशी है। मालूम हो कि चापाकल पर लगभग सैकड़ों की संख्या में लोग निर्भर है। वही इस संबंध में पीएचडी विभाग के जेई अभिक अंबाला ने कहा गर्मी का दिन है जो भी खराब चापाकल होने की सूचना मिलेगी शीघ्र मरम्मति करा दी जायेगी।

# प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को प्रमुख रोहन साव की अध्यक्षता में सभी विभागों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में बीडीओ नीतू सिंह, जिप सदस्य देवनंदन साहू, उपप्रमुख दामोदर गोप मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक बारी बारी से सभी विभागों की समीक्षा की गई। जिसमें पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, जल नल योजना, बच्चो के पोषाहार, कृषि ऋण माफी योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना और पीएम किसान योजना शामिल है। इन योजनाओं को धरातल पर उतारने के



साथ इसके कार्य गति पर चर्चा किया गया। साथ ही बैठक में पंचायत सेवको लंबित पीएम आवास योजना को अविलंब पूरा निर्देश दिया गया। वही रोजगार सेवकों को मनरेगा योजना के कार्यो में पूरी पारदर्शिता लाने को निर्देश दिया गया। बैठक में प्रमुख ने जबड़ा पार नदी के ग्रामीणों को बिजली कनेक्शन नहीं देने और झूठे केस में फसाने की धमकी देने और अवैध रूप से पैसा वसूली करने पर बिजली विभाग के कर्मियों को जमकर फटकार लगाई है। बैठक में जिप सदस्य ने संबंधित कर्मचारियों को पीएम किसान योजना को मनमाने ढंग से बंद करने को लेकर जमकर फटकार लगाई। उपप्रमुख ने सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्रों में मीनू चार्ट का बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया।

# चंदवा में घटित निर्भया कांड का पुलिस ने महज एक सप्ताह के अंदर किया खुलासा

# गैंगरेप के बाद निर्मम हत्या मामले के 5 दरिंदे चढ़े पुलिस के हत्थे

➲ **एसपी अंजनी अंजन के कुशल नेतृत्व में गठित टीम ने किया उद्भेदन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देशन में एसडीपीओ संतोष मिश्रा की अगुवाई में गठित एसआईटी की टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत में 14 फरवरी की रात्रि एक 10 वर्षीय दलित छात्रा चौथी कक्षा के साथ घटित निर्दयता के साथ गैंग रेप के बाद निर्मम हत्या मामले का उद्भेदन महज एक सप्ताह के अंदर सफलतापूर्वक कर दिया। एसआईटी की टीम ने कुकर्म की घटना में संलिप्त 5 दरिंदो को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल दिया। लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए अंजनी अंजन ने बताया कि 15 अप्रैल को चंदवा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा का शव घर के पीछे खेत से बरामद हुआ था। जांच के क्रम में यह बात सामने आई कि मृतका की दुष्कर्म के बाद गला घोंट कर हत्या की गई है। मृतका के पिता के फर्द बयान के आधार पर मामला दर्ज कर किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र की अगुवाई में एसआईटी टीम गठित की गई थी।

टीम के द्वारा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मामले की जांच शुरू की गई जिसमे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि पीड़ित मृतका को उसके घर के पास से उठाया था व उसके घर के पीछे झाड़ी में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को घर के पीछे रख दिया था।

## इन दरिंदों की हुई है गिरफ्तारी

गैंग रेप के बाद निर्मम हत्या मामले में गिरफ्तार दरिंदों में कैलाश गंझू पिता बलमोहन गंझू (कुंभीयाटांड चंदवा), पप्पू लोहरा पिता परमेश्वर लोहरा, बाबु लोहरा उर्फ रिंकू पिता अशोक लोहरा, दीपक मुंडा पिता नन्हका मुंडा (तीनो हाका चंदवा) व लालमोहन सिंह पिता शिव मंगल सिंह मंझिलाडीह शामिल है।

## ये सामान हुए हैं बरामद

पुलिस के द्वारा घटना स्थल से खून लगा पत्ता, घटनास्थल पर अभियुक्तों द्वारा किए गए गांजे का चिलम, घटनास्थल पर अभियुक्तों द्वारा पिये गए बीड़ी का रेपर, अभियुक्तों द्वारा पहना गया वस्त्र व 4 मोबाइल बरामद किया गया।

## जांच में ये अधिकारी थे शामिल

एसडीपीओ संतोष मिश्र, पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुअनि दिनेश कुमार प्रभारी हिंदी शाखा, पुअनि विकाश शर्मा, दिव्य प्रकाश, जमील अंसारी, नारायण यादव, कुंदन कुमार, धर्मेंद्र कुमार महतो, दिवाकर धोबी, सअनि अरविंद कुमार सिंह समेत सैट 202, माल्हन, नवाटोली, सिकनी व चेतर पिकेट सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।


गिरफ्तार अपराधी व जानकारी देते एसपी।

**घटना की ये है इनसाइड स्टोरी :** घटना को पुलिसिया सूत्रों से जो बातें निकलकर सामने आई है उसके अनुसार 14 फरवरी की शाम मृतका सांप मारने की घटना के दौरान मौके पर मौजूद थी, वहां से निकलने के बाद बच्ची घर के समीप स्कूल के पास जा रही थी। इस दौरान अंधेरा भी हो गया था, इसी दौरान 3 दरिंदो ने उसे कब्जे में ले लिया, सभी दरिंदे हड़िया शराब के नशे में धुत थे। उन्होंने फोन कर और 2 दोस्तो को बुलाया, जिसमे एक मृतका की एक बहन का पूर्व प्रेमी भी शामिल था। पांचों मिलकर अंधेरे का लाभ उठाकर बच्ची को घर समीप ही झाड़ी में ले गए, गांजा, बीड़ी नशा का सेवन किया व बारी-बारी से कुकर्म करने लगे, बच्ची के चिल्लाने के कारण उन्होंने उसका गला घोंट दिया व दुष्कर्म करते रहे। दुष्कर्म के बाद बच्ची को घर के पीछे खेत मे फेंक कर सभी दरिंदे सामान्य रूप से लोगो से घुल मिल गए। जिस कारण पुलिस को इन्हें डिटेक्ट करने में काफी दिक्कत व समय दोनो लगा। हालांकि एक सप्ताह के अंदर घटना का उद्भेदन होना पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है।

## विधायक वैद्यनाथ राम के निर्देशन में झामुमो शिष्टमंडल पहुंचा गांव

➲ **पीड़ित परिवार से मुलाकात कर बंधाया ढांढस, कहा- पीड़िता को मिलेगा न्याय**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम व झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देशन में शुक्रवार को जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे के नेतृत्व में झामुमो नेताओं का शिष्टमंडल गांव पहुंचा। जहां बीते 14 अप्रैल शुक्रवार की रात्रि चौथी कक्षा की 10 वर्षीय नाबालिग दलित छात्रा के घटित गैंगरेप के बाद निर्मम हत्या कांड मामले में पीड़ित परिवार से मुलाकात की। घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया साथ ही लातेहार एसपी अंजनी अंजन से दूरभाष पर बात कर मामले की पूरी जानकारी ली। शिष्ट मंडल ने घटना में संलिप्त दरिंदों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की भी मांग की। शिष्टमंडल ने कहा कि राज्य सरकार के साथ लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम घटना के प्रति काफी गंभीर है। हेमंत सोरेन की सरकार में ऐसे घटना में संलिप्त आरोपी किसी भी कीमत पर नही बचेंगे। सरकार की तरफ से मिलने वाले मुआवजे को पीड़ित परिवार तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। शिष्टमंडल में बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, जिला सचिव शमशुल होदा, नगर सचिव विकाश कुमार, युवा नेता अंकित पांडेय, बीस सूत्री सदस्य रंजीत उरांव, राजकुमार साहू समेत अन्य शामिल थे।


परिजनों से बात करते झामुमो शिष्टमंडल के सदस्य।

## स्पीड न्यूज

### बाइक से गिरकर दो घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-हेरहंज मुख्य पथ पर शुक्रवार को बाइक से गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो. फरमान 17 वर्ष पिता मो. इलियास और मो. अमन पिता मोहम्मद मोसिब दोनों रहमत नगर थाना बालूमाथ निवासी बाइक से घूमने के लिए अपने घर से झाबर ग्राम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायल युवकों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### बीडीओ ने मोतियाबिंद से पीड़ितों का सर्वे करने का दिया निर्देश

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के द्वारा प्रखण्ड क्षेत्र के सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत समिति सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ सभी आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया को अपने-अपने क्षेत्र के वैसे दिव्यांगजनो की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जिन्हे प्रशासन के माध्यम से कृत्रिम अंग प्रदान किया जा सके। वहीं इसके अलावा मोतियाबिंद के ऑपरेशन, कटे होंठ और तलवे के ऑपरेशन के इच्छुक लोगों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। ताकि उन्हें प्रशासन के माध्यम से कृत्रिम अंग और ऑपरेशन का लाभ दिलाया सके।

### राजद जिला उपाध्यक्ष ने ब्लड डोनेट कर महिला की बचायी जान

**लातेहार।** राजद जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव ने ब्लड डोनेट कर एक महिला की जान बचाई है। रंजीत ने बताया कि सूचना मिली कि सदर अस्पताल में एक महिला को बी पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है। इसकी सूचना मिलते ही ब्लड बैंक पहुंचे और उक्त महिला की मदद की। उन्होंने बताया कि हर किसी को ब्लड डोनेट करना चाहिए। ब्लड डोनेट करने से किसी तरह की बीमारी नहीं होती है। उन्होंने बताया कि सातवां बार ब्लड डोनेट कर रहे है।

### पति से विवाद के बाद युवती ने खाया कीटनाशक, स्थिति गंभीर, रेफर

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत अंतर्गत बंसडीहा गांव में शुक्रवार की दोपहर एक युवती सीमा देवी ने पति सुलेंद्र गंझू के साथ मामूली विवाद के बाद कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। कीटनाशक खाने के बाद युवती की स्थिति गंभीर हो गयी। जिसे परिजन लेकर चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉ नीलिमा कुमारी की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद युवती को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में युवती की सास सुकरमणि देवी ने बताया कि किसी बात को लेकर उनके बेटे सुलेन्द्र व बहु सीमा के बीच कलह हो गयी। जिसके बाद दोनों अलग-अलग कमरे में चले गए, कुछ देर बाद बहु रोती हुई बाहर आई व कीटनाशक खाए जाने की बात बतायी।

### मो. तौसीफ यंग साइंटिस्ट में अवार्ड के लिए चुने गये

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के रहने वाले मो. तौसीफ आलम पिता मो. अयूब को भोपाल में आयोजित 38 वां एमपी यंग साइंटिस्ट में अवार्ड के लिए चुना गया है। मोहम्मद तौसीफ ने भौतिक विज्ञान में रिसर्च पेपर प्रस्तुत कर यह अवार्ड हासिल किया। इसके लिए मो. तौसीफ आलम को प्रमाण पत्र और अवार्ड देकर पुरस्कार दिया गया। ज्ञात हो कि तौसीफ आलम एमएससी करने के बाद भोपाल विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहा है। वहीं इसके रिसर्च पेपर को अमेरिका के साइंस मैगजीन में छापा गया। साथ ही इसे जापान सरकार से छात्रवृति देने का आश्वासन भी मिला है। मो. तौसीफ ने जिस गरीबी में रहकर अपनी पढ़ाई की और यह मुकाम हासिल किया यह बालूमाथ वासियों के लिए गर्व की बात है। उसने इस उपलब्धि पर उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और अभिभावकों को दिया है।

# 30 को होगा अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन

➲ **समाज की एकता व अधिकार की दिशा तय करेगा महासम्मेलन : अरविंद प्रसाद**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन लातेहार की ओर से आगामी 30 अप्रैल दिन रविवार को बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत पुरानी बस्ती देवी मंडप के समीप सुबह 9 बजे से महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस महासम्मेलन में पलामू और गढ़वा के साथ-साथ लातेहार जिले के अध्यक्ष सहित कई वरीय पदाधिकारी शिरकत करेंगे। महासम्मेलन में बरवाडीह प्रखंड के सभी 15 पंचायतों के वैश्य समाज के लोगों से शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। वहीं सम्मेलन को लेकर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर शुक्रवार को प्रदेश संगठन मंत्री अरविंद प्रसाद गुप्ता ने बरवाडीह पहुंच वैश्य समाज के लोगों के साथ बैठक करते हुए कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विशेष रूप से चर्चा की। बैठक शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आहूत की गई थी। जिसमें उपस्थित लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। जहां संगठन मंत्री अरविंद प्रसाद ने कहा कि इस महासम्मेलन का उद्देश्य वैश्य एकता बल पर जोर देना होगा। जिसमें बरवाडीह प्रखण्ड कमेटी का गठन भी किया जाएगा। वहीं समाज के वरीय पदाधिकारी ओर शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. पवन कुमार, व्यवसाई संघ के अध्यक्ष पंकज गुप्ता, नंदकिशोर प्रसाद, शिबू प्रसाद, द्वारिका प्रसाद, मनोज प्रसाद ओपी गुप्ता व संजीत गुप्ता सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कई सुझाव दिए। बैठक में मुख्य रूप से पत्रकार दीपक राज प्रजापति व रवि गुप्ता के साथ-साथ महेंद्र प्रसाद, आशीष गुप्ता, उदय प्रसाद, बिरजू प्रसाद गुप्ता, विक्रांत वर्मा, हिमांशु गुप्ता, अभय कुमार, मदन प्रसाद, नंदू प्रसाद और मनोज गुप्ता सहित कई लोग शामिल थे।


महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर बैठक करते लोग।

## शराब दुकान के कर्मियों ने कंपनी द्वारा रुपया की मांग के विरोध में उपायुक्त से की शिकायत


एसडीओ से गुहार लगाते कर्मी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में हो रहे संचालित सरकारी शराब दुकान में पूर्व से कर रहे कार्यकरत कर्मियों से जीडीएक्स कंपनी के द्वारा इंचार्ज से एक लाख एवं सहायक से पचास हजार रूपयो की मांग की जा रही है। इसकी लिखित शिकायत कार्यकरत कर्मियों ने शुक्रवार को लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव से की और आवेदन के माध्यम से कहा की हम सभी कर्मी का बहाली लातेहार जिले के सरकारी शराब दुकान में 2022 में हुआ है। जिसके बाद से हम लोग अभी तक कार्य कर रहे हैं। परंतु 1 अप्रैल से जिले में आई नई कंपनी के जिला कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार गुप्ता, जिले के पूर्व कोऑर्डिनेटर रंजीत कुमार के द्वारा जिले में संचालित सभी शराब दुकान के कर्मचारी को कहा गया है कि दुकान प्रभारी को एक लाख एवं सहायक को पचास हजार रुपए का डिमांड ड्राफ्ट अप्रैल माह के अंत तक जमा करना है। जो कर्मी डिमांड ड्राफ्ट जमा नहीं करेंगे। उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। वहीं कर्मियों ने कहा की हम लोग डिमांड ड्राफ्ट देने में सक्षम नहीं है। इससे पूर्व प्राइम वन कम्पनी के द्वारा हम सभी कर्मियों से पचास हजार नगद सिक्योरिटी मनी के तौर पर लिया गया था। जिसे अभी तक वापस नहीं किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने उपायुक्त से गुहार लगाते हुए कहा कि हम लोगों का रोजगार रहे इस दिशा में उचित निर्णय लिया जाए।

## भाजपा नेताओ ने निर्भया कांड में पीड़ित परिवार से की मुलाकात, कहा- दोषियों को मिले फांसी


परिजन से मुलाकात करते प्रतुल नाथ शाहदेव।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री सह विधायक अमर बावरी चंदवा प्रखंड अंतर्गत हाका गांव पहुंचकर गैंग रेप के बाद बेरहमी से हत्या मामले में दलित परिवार से मुलाकात किये। उनके साथ हटिया विधायक नवीन जायसवाल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल लाल शाहदेव, प्रभात भुइयां, जिलाध्यक्ष हरेकृष्ण सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता शामिल थे। उन्होंने बच्ची के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स दिया। श्री बावरी ने कहा कि हत्यारों को निश्चित ही फांसी की सजा दी जाएगी यह घोर अपराध है। उन्होंने कहा कि गंदी मानसिकता के लोगों का समाज में कोई स्थान नहीं है। इस तरह के घिनौने कृत्य करने वाले लोगों को सीधे मौत की सजा मिलनी चाहिए। एक छोटी सी बच्ची जिसने अभी दुनिया भी नहीं देखी थी, उसके साथ इस तरह की दरिंदगी की घटना को अंजाम देने वाले को फास्टट्रैक कोर्ट से सजा दिलाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि वे सरकार से मुलाकात कर इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों पर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करेंगे। बताते चले कि इस मामले में शुक्रवार की सुबह पुलिस ने दुष्कर्म व हत्या में संलिप्त पांचों अपराधियो को गिरफ्तार कर लिया है। अपराधियो ने अपनी संलिप्ता भी स्वीकार कर ली है। भाजपा नेताओ ने पुलिस के सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार पाठक, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव,रिकी वर्मा, विजय दुबे, रामबृक्ष चौधरी समेत बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

### शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गयी अलविदा की नमाज

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों मुसलमानों ने शुक्रवार को विभिन्न मस्जिदों में रमजान महीना के आखिरी जुमा को अलविदा की नमाज अदा की। माह-ए-रमजान मे पड़ने वाले आखिरी जुमा को अलविदा जुमा कहते हैं। अलविदा का मतलब होता है किसी चीज के रुखसत होने का। यानी रमजान हमसे रुखसत हो रहा है। इसलिए इस मौके पर जुमे में अल्लाह से खास दुआ की जाती है कि आने वाला अगला रमजान हम सब को नसीब हो। रमजान के महीने में आखिरी जुमा (शुक्रवार) को ही अलविदा जुमा कहा जाता है। अलविदा को लेकर युवाओं समेत बच्चों व वृद्धों में काफी उत्साह दिखा। अलविदा कि नमाज अदा करने के लिए मुख्यालय के जमा मस्जिद, इटके जमा मस्जिद, साल्वे जमा मस्जिद, मदीना मस्जिद, शिबला, रन्नादाग, फुलसु, बठेट सहित सभी मस्जिदों में मुस्लिम धर्मलंबियों ने जुमातुलविदा की नमाज अदा की। मस्जिदों के खतीब व इमामों ने रमजान के लिए अलविदाईया खुतबा पढ़ा। इधर अलविदा की नमाज से पहले संबंधित मस्जिदों के इमामों ने तकरीर की। इसमें जकात व फितरा अदायगी पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं प्रखंड अलहेलाल कमेटी के अध्यक्ष हाजी मो खोबैब व सचिव मो शमीम अंसारी ने बताया कि शुक्रवार संध्या को चांद नजर आ जाती है तो शनिवार को ईद की नमाज अदा की जाएगी ।

# प्रखंड व अंचल कर्मी पंचायत को बनायेंगे स्वच्छ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** 24 अप्रैल को मनाए जाने वाले पंचायती राज दिवस कार्यक्रम को लेकर पंचायती राज विभाग के निर्देश पर 21 अप्रैल से 24 अप्रैल तक पंचायत स्तर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत शुक्रवार को सभी पंचायत सचिवालय के साथ-साथ प्रखंड कार्यालय परिसर में हमारा पंचायत स्वच्छ, स्वस्थ्य महिला एवं बाल मैत्री ग्राम पंचायत की शपथ दिलाई गई। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहायक के साथ-साथ जीप सदस्य संतोषी शेखर, कन्हाई सिंह और विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू समेत प्रखंड और अंचल के कर्मियों के द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता के प्रति सजग रहने की शपथ ली गई। जहां बीडीओ राकेश सहाय ने बताया कि 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस को लेकर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पंचायत से लेकर प्रखंड स्तर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाने का काम किया जाएगा। साथ ही साथ पंचायत स्तर पर चलाई जाने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसको लेकर भी जागरूक करने के प्रति अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण, प्रखंड समन्वयक मनजीत सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनीष शर्मा, मुखिया पूर्व सैनिक आशीष सिंह, सहायक अभियंता विक्की देओल, कनीय अभियंता भरत टोप्पो, प्रखंड सहायक सुषमा कुमारी, अंचल सहायक पूनम कश्यप, बिरजू राम, अरुण कुमार और विजय कुमार पप्पू सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।


शपथ दिलाते बीडीओ राकेश सहाय।

## एक नजर में

### एनएसएस ने चलाया नशा मुक्ति अभियान



**लातेहार।** थाना क्षेत्र के बानपुर स्थित बनवारी साहु महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन शुक्रवार को बानपुर में नशा मुक्ति अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को नशा के दुष्प्रभावों से लोगों को अवगत कराया और उन्हें नशा नहीं करने की सलाह दी। मौके पर एनएसएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि नशा से न सिर्फ परिवार बल्कि समाज व राष्ट्र को भी क्षति होती है। नशा से न सिर्फ पैसों की हानि होती है, बल्कि शरीर को भी नुकसान होता है। वही वार्ड पार्षद जीतेंद्र पाठक ने भी युवाओं को प्रेरित किया। मौके पर स्वयंसेवक अनु कुमारी, आरती कुमारी, बसंती कुमारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### रिचुगुटा के व्यवसायी के निधन पर पहुंचे पूर्व विधायक प्रकाश राम, दी श्रद्धांजलि



**लातेहार।** गुरुवार की देर रात रिचुगुटा के व्यवसाई उमेश चंद्र साहू 87 वर्ष लगभग पंचतत्व में विलीन हो गए। गांव के ही घाट पर पूरे विधि विधान पूर्वक अंतिम संस्कार किया गया। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है।इनके पुत्र में समन्वय चंद्र साहू, विशाल चंद्र साहू, विवेक चंद्र गुप्ता व एक बेटी है। बताते चलें कल देर रात उमेश चन्द्र साहू को दिल का दौरा पड़ने की बात बताया जा रहा था। लोगो ने बताया कि कल शाम तक वह ठीक ठाक थे रात में खाना खाने के बाद रात में उनका दिल का दौरा पड़ने के बाद देहांत हो गया। इधर गांव समेत लातेहार में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नम आंखों से लोगो ने उन्हें अंतिम विदाई दी। इधर अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक प्रकाश राम, वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कुमार, बद्री प्रसाद उमाकांत साहू, बसंत साहू, राजकुमार पाठक, अमित कुमार गुप्ता, दीपक कुमार पांडे, अनिल कुमार सिंह, पवन कुमार गुप्ता, संतोष प्रसाद, सोहराय साहू, प्रताप ठाकुर, धर्मेंद्र भैया, अजीत प्रसाद, संजय प्रसाद, सुनील गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, शैलेश सिंह, राजदेव प्रसाद, बबलू प्रसाद समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### सीआरपीएफ परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**लातेहार।** सीआरपीएफ की 214 वीं बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी के निर्देश पर गुरुवार को लातेहार स्थित डालडा फैक्ट्री कैंप परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर परिसर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया गया। कमांडेंट केडी जोशी ने कहा कि प्लास्टिक से मनुष्य को कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी की संभावना हमेशा बनी रहती है। प्लास्टिक हमारे पर्यावरण को दूषित कर रही है। प्लास्टिक मुक्त समाज के लिए सामुहिक रूप से कार्य करने की दरकार है। उन्होने कहा कि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ व सुंदर समाज देने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करना होगा। स्वच्छता अभियान में सीआरपीएफ अधिकारी व जवानों ने बड़ी शिद्दत से पूरे परिसर की साफ सफाई की। वहीं कैंपेन अगेंस्ट प्लास्टिक प्ल्युशन के निदेशक अनूप कुमार श्रीवास्तव, पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी की दूरदृष्टी एवं उत्प्रेरणा से यह आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद, रंधीर कुमार झा, उप कमांडेंट संदीप कुमार झा समेत कैंप का जवान मौजूद थे।

### मस्जिदों में पढ़ी गयी अलविदा जुमे की नमाज अकीदतमंदों ने मांगी अमन-चैन की दुआ


जामा मस्जिद में नमाज अदा करते लोग।

**लातेहार।** बरकत का महीना रमजान अब अंतिम पडाव पर पहुंच गया हैं। शुक्रवार को जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में भी स्थित मस्जिदों और इबादतगाहों में रमजान के आखिरी जुमे की नमाज अदा की गई। इस खास नमाज के लिए जामा मस्जिद में नमाजियों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। नमाज के बाद लोगों ने देश में अमन और शांति के लिए दुआएं की। साथ ही खुशहाली के लिए खुदा से दुआ मांगी। अलविदा जुमा की नमाज पढ़े जाने के बाद मुस्लिम भाई अब ईद की तैयारी में जुट गए हैं। बता दें कि खुशियों का त्योहार ईद को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह रहता हैं। इस दौरान घर के सभी सदस्य नए परिधान पहनने के साथ ही मीठे पकवान घरों में बनाते हैं। जिसके चलते बाजार भी खरीदारी के लिए काफी भीड़ देखी जा रही है। रोजेदारों ने बताया कि अलविदा जुमा की एक नमाज है, जो रमजान के मुबारक महीने की आखिरी जुमे को अदा की जाती है, और इस नमाज की अहमियत बहुत ज्यादा होती है। रमजान का आखिरी जुमा होने के चलते यह खास हो जाता है।

## बीएसएल में सीइ मार्क को प्रथम सर्विलांस ऑडिट संपन्न

**बोकारो।** यूरोपीय संघ को एच आर उत्पादों के निर्यात के लिए आवश्यक सीई मार्क का पहला सर्विलांस ऑडिट टीयूवी इंडिया के ऑडिटर संजय शर्मा द्वारा किया गया। आरसीएल विभाग में आयोजित सर्विलांस ऑडिट के उद्घाटन बैठक में सीजीएम (गुणवत्ता) मनोहर लाल, सीजीएम (एसएमएस-2 एवं सीसीएस) एमआर गुप्ता, जीएम प्रभारी (एचआरसीएफ) आरके सिंह सहित एसएमएस-2 एवं सीसीएस, एचएसएम, एचआरसीएफ, आरसीएल तथा बीई विभाग के अन्य अधिकारी, मेसर्स टीयूवी इंडिया के ऑडिटर संजय के शर्मा उपस्थित थे।

# ग्यारह हजार वोल्ट का तार गिरने से थाना परिसर में लगी आग, भारी क्षति

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** शुक्रवार की अहले सुबह लगभग छः बजे सिंदरी सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय सह पूर्व सिंदरी थाना परिसर में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के 11000 वोल्ट का तार गिरने से झाड़ियों में आग लग गई। तत्काल सूचना पर पहुंचे झारखंड अग्निशमन सेवा की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पूर्व



सिंदरी थाना परिसर में लगभग छः बजे बिजली प्रवाहित ग्यारह हजार वोल्ट का तार गिरने से झाड़ियों में आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि आग की लपटें ऊँची उठ रही थीं और अन्य क्षेत्रों को प्रभावित कर सकती थीं। तत्काल सूचना पर पहुँचे झारखंड अग्निशमन वाहन पर मौजूद दस्ते ने लगभग आधे घंटे की जद्दोजहद से आग पर काबू पाया। सिंदरी में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की लचर व्यवस्था साफ दिखाई दे रही है। इसका असर है कि कई क्षेत्रों में वोल्टेज की समस्या लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोग इसकी शिकायत कनीय अभियंता से भी कर चुके हैं। स्थानीय लोगों द्वारा बार बार आवाज उठाने के बाद भी सिंदरी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगे तारों के नीचे गार्ड की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे सिंदरी क्षेत्र में लगातार तारों का गिरना आम बात हो गई है। हालांकि अभी तक कोई जान माल की क्षति नहीं हुई है, लेकिन भविष्य में यह बड़ी घटना साबित हो सकती है।

## डीपीएस चास में मॉक ड्रिल कर आग से बचाव की दी गयी जानकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस चास में अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत झारखंड सरकार अग्निशमन विभाग की टीम ने ने विद्यार्थियों को आग से बचाव का डेमो दिखाया।

अग्निशमन पदाधिकारी फूलन प्रसाद सिंह ने तेल की आग, गैस की आग, शॉर्ट सर्किट की आग को बुझाने के विभिन्न विधियों व अग्निशामक यंत्र के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 80 प्रतिशत आग बिजली के कारण, 10 प्रतिशत गैस व 10 प्रतिशत आग अन्य कारणों से लगती है। उन्होंने कहा कि इसमें ऑक्सीजन, जलने वाली वस्तु और ताप की जरूरत होती है। अगर हमें आग बुझाना हो, तो उक्त तीनों में से किसी एक उनसे अलग करना होगा।

मौके पर डीपीएस चास की चीफ मेंटर हेमलता एस मोहन ने कहा कि अगलगी की घटना से बचने के लिए सतर्कता जरूरी है। कार्यवाहक प्राचार्य दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि जागरूकता से ही हम अगलगी की घटना को रोक सकते हैं। मौके पर अग्निशमन विभाग के सुदामा पासवान, रॉकी कुमार झा, सुधीर मिंज आदि मौजूद रहे।

## ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन पर कार्यशाला

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के टेक्निकल सेल विभाग में 'ग्रीन हाउस गैस एमिशन प्रति टन क्रूड स्टील' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में अजय कुमार ने भविष्य में आने वाले सभी परियोजनाओं के टेक्निकल स्पेसिफिकेशन में पर्यावरण सम्बंधित दिशा निदेशों का समावेश करने एवं संयंत्र की ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने का सुझाव दिया।

## सीसीएल सीकेएस ढोरी एरिया के अध्यक्ष बने कुलदीप व सचिव विनय

**बेरमो।** भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी के क्षेत्रीय कार्यालय ढोरी खास मे सर्वसम्मति से पुर्नगठन सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार मिश्रा तथा भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला के जिला मंत्री संत सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं शिकायतें

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह के कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में निरसा, महावीर नगर भुदा, झरिया, बापू नगर सहित विभिन्न क्षेत्र से लोग आए और अपनी अपनी समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। इसमें निरसा से आए फरियादी ने बताया कि निरसा प्रखंड के ग्राम हड़कतोड़िया में उसका मिट्टी का मकान विगत 25 मार्च को ध्वस्त हो गया है। पीएम आवास की सूची में उनका नाम दर्ज है। परंतु अब तक पीएम आवास नहीं मिला है। उनकी समस्या के समाधान के लिए उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी निरसा को निर्देशित किया। सरायढेला से आए व्यक्ति ने बताया कि उसने मौजा सरायढेला में जमीन खरीदने के लिए विक्रेता से एग्रीमेंट किया था। इसके एवज में एडवांस रकम भी दी थी। परंतु विक्रेता अब जमीन का अधिक पैसा मांग रहा है। जब उसने अधिक पैसा देने में असमर्थता



जताई और बार-बार एडवांस रकम वापस करने की मांग की तब विक्रेता ने एडवांस रकम का आंशिक भुगतान किया। अभी जमीन विक्रेता के पास लगभग 85000 रुपए बकाया है।

कार्मिक नगर, बापू नगर से आए एक व्यक्ति ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल में उसने अपने पुत्र का बीपीएल कोटा में नामांकन कराने के लिए सभी आवश्यक कागजात के साथ आवेदन दिया था। उनका आवास दिल्ली पब्लिक स्कूल से महज 500 मीटर की दूरी पर है। परंतु अब तक स्कूल ने उनके पुत्र का नामांकन नहीं किया है। उनकी समस्या का समाधान के लिए उपायुक्त जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार सुदामडीह से आए जन वितरण प्रणाली दुकानदार ने उपायुक्त से उनके यहां राशन कार्ड की संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया। कहा कि राशन कार्ड की संख्या कम होने से उन्हें कमीशन भी कम मिलता है। इसके अलावा जनता दरबार में सफेद राशन कार्ड ऑनलाइन सरेंडर करने के बाद भी सरेंडर नहीं होने, बेलगड़िया फेज वन में आरएसपी कॉलेज का स्थायीकरण करने व कॉलेज भवन की मरम्मत करने, ऑनलाइन पंजी टू में नाम दर्ज कराने, ऑनलाइन लगान रसीद कटवाने सहित अन्य प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों के निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी व विभाग को निर्देशित किया।

## एक नजर में

### सात दिवसीय श्री श्री 108 श्री रूद्र महायज्ञ का निकाली गयी कलश यात्रा

**तोपचांची।** शुक्रवार को गेंदनावाडीह में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 108 श्री रुद्र महायज्ञ का कलश आचार्य विनोद शास्त्री के नेतृत्व में यात्रा हुआ। जिसमें में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। कलश यात्रा में विद्वान पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण से माहौल भक्ति में हो गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने यज्ञ में स्थापित देवी- देवताओं का पुजन किया। इस दौरान गेंदनावाडीह उपमुखिया छाया देवी, संतोष महतो, आकाश सिंह, धनेश्वर महतो, बैजनाथ महतो, कार्तिक महतो, राम नरेश महतो, त्रिपुरारी सिंह, ब्रजमोहन राम,सुमन मिश्रा, ईश्वर महतो, डोमन महतो, सोनू चौधरी, हीरा लाल तुरी आदि मौजूद हुए।

### अशोक कुमार वर्मा को मेरीलैंड विश्वविद्यालय ने मानक पीएचडी से सम्मानित किया

**चिरकुंडा।** अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर चिरकुंडा के प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा को मेरी लेण्ड विश्व विद्यालय (यूएसए) ने मानक पीएचडी से नई दिल्ली के इण्डिया हेबीटेट सेन्टर में सम्मानित किया गया। इस विद्यालय में अशोक वर्मा तेरह साल से प्राचार्य के रूप में कार्य कर रहे हैं।मानक पीएचडी की उपाधि मिलने पर स्कूल के सचिव निलय गढ़याण सहित स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने अशोक वर्मा को बधाई दी है।

### परियोजना की अवधि विस्तार हेतु योगेंद्र महतो से मिले तेजस्विनी कर्मी

**बोकारो/कसमार।** किशोरी महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर राज्य के 17 जिलों में कार्य कर रही तेजस्विनी परियोजना की अवधि विस्तार हेतु बोकारो जिले के गोमिया, पेटरवार एवं कसमार प्रखंड के तेजस्विनी परियोजना के कर्मियों ने राज्य समन्वय समिति सदस्य दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो से मुलाकात की। उक्त परियोजना के बंद होने से किशोरियों का विकास तो रुकेगा ही राज्य के 8-10 हजार कर्मी भी बेरोजगार हो जायेंगे। आर्थिक स्थिति दयनीय हो जायेगी।

उन्होंने दर्जा प्राप्त मंत्री से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए तेजस्विनी परियोजना की अवधि विस्तार करने की मांग की है। श्री महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष बातों को रखा जाएगा और अवधि विस्तार कराने की मांग की जाएगी। इस दौरान क्लस्टर कोऑर्डिनेटर, यूथ फैसिलिटेटर, पीयर लीडर,प्रखंड से रेणुका कुमारी, कंचन कुमारी, राधा कुमारी, सुनीता कुमारी, वीणा कुमारी, पुष्पा कुमारी आदि मौजूद थी।

## सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में बाबू कुंवर सिंह जयंती का आयोजन

# प्रथम स्वाधीनता संग्राम के महानायक थे बाबू कुंवर सिंह : सुनील सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शुक्रवार को अपने विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में प्रथम स्वाधीनता संग्राम के महानायक बाबू कुंवर सिंह जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य श्री दुर्गेश नंदन सिन्हा एवं मुख्य अतिथि सह पूर्व आचार्य श्री विनोद झा ने बाबू कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य श्री सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह प्रथम स्वाधीनता संग्राम के महानायक थे जिन्होंने 80 वर्षों की अवस्था में भारत की स्वाधीनता के लिए अपने आप को देश पर न्योछावर कर दिया। भैया- बहनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सबों को बाबू कुंवर सिंह के कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्य करने के लिए उम्र कोई मायने नहीं रखती। यदि मन में दृढ़ संकल्प एवं राष्ट्रभक्ति का जज्बा हो तो संसार में कोई भी काम असंभव नहीं है। अपने उद्बोधन में विद्यालय के उप प्राचार्य श्री दुर्गेश नंदन सिन्हा ने बाबू कुंवर सिंह को भारत का महान योद्धा बताते हुए उन्हें नमन



किया और कहा कि आज बाबू कुंवर सिंह भले इस दुनिया में नहीं है परंतु उनके द्वारा किया गया कार्य संपूर्ण देशवासियों का मार्गदर्शन करता है।

अपने उद्बोधन में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री अनूप कुमार पांडे ने बाबू कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान स्वाधीनता सेनानी बताया और कहा कि 1857 की क्रांति के महानायक बाबू कुंवर सिंह के अंदर अदम्य साहस और वीरता कूट-कूट कर भरी थी जिसका परिचय उन्होंने प्रथम स्वाधीनता संग्राम में दिया। 80 वर्षों की उम्र में भी उनके अंदर अद्भुत युद्ध कौशल थी जिसका लोहा अंग्रेजों ने भी माना। उनके युद्ध कौशल को देखकर अंग्रेज अधिकारी यह तय नहीं कर पाते थे कि आखिर इस व्यक्ति पर काबू कैसे पाया जाए ताकि अंग्रेजी राज्य अस्थिर न हो सके।

इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के भैया -बहनों ने भी बाबू कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को अनुकरणीय बताया। इसी अवसर पर विद्यालय के संस्कृत आचार्य श्री अजय कुमार पांडे ने भी बाबू कुंवर सिंह की जीवनी पर एक गीत गाया जो उनके द्वारा किए गए कार्यों पर आधारित था। जयंती प्रमुख श्री अशोक कुमार सिंह ने भी बाबू कुंवर सिंह की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया और उन्हें भारतवर्ष का महान योद्धा बताया। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन विद्यालय के आचार्य श्री मुरारी दयाल सिंह ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि बाबू कुंवर सिंह वीरता की मिसाल थे जिन्होंने उम्र की सीमा को लांघते हुए अपने अदम्य साहस के बल पर भारतवर्ष को एक हद तक अंग्रेजों से छीन लिया था। वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

## पेमिया ऋषिकेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में जेसीबी मशींस का कैंपस आयोजित

**गोमो।** तोपचांची स्थित पेमिया ऋषिकेश इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (पॉलिटेक्निक कॉलेज) में लगातार चल रहे कैंपस ड्राइव की श्रृंखला में आज दिनांक 20/04/2023 को जेसीबी मशीन्स कंपनी का कैंपस आयोजित किया गया कइस कैम्पस में इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल विभाग के कुल 64 छात्रों ने भाग लिया। कंपनी द्वारा असेसमेंट टेस्ट और पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से चयनित प्रक्रिया आयोजित की गई, कंपनी द्वारा 12 छात्रों का चयन किया गया, जिसकी सूची संस्थान को उपलब्ध करा दी गयीकजेसीबी मशीन्स कंपनी के एचआर मुकुल राज एवं सर्वीस इंजीनियर अभिषेक कुमार ने असेसमेंट टेस्ट एवं पर्सनल इंटरव्यू कर कैंपस चयन किया।

# संवेदक की लूट की भेंट चढ़ा तिलैया पावर सब स्टेशन : माधव लाल

## उद्घाटन के बाद से ही नहीं हो रही है बिजली आपूर्ति, जीएम से की शिकायत



### 2014 में हुआ था शिलान्यास

गौरतलब है कि गोमिया विद्युत सब स्टेशन से बड़ी आबादी को विद्युत आपूर्ति की जाती है। बरसात के दिनों में पेड़ों के गिर जाने की वजह से तो गर्मी के दिनों में अत्याधिक लोड के कारण बिजली ट्रिप कर जाया करती थी। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह ने साडम और ललपनिया में दो अतिरिक्त सब स्टेशन का निर्माण कराया था। 2 फरवरी 2014 को बेरमो के पूर्व विधायक सह पूर्व ऊर्जा मंत्री दिवंगत राजेंद्र प्रसाद सिंह और गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया था।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल अन्तर्गत गोमिया प्रखंड के साड़म और ललपनिया स्थित तिलैया विद्युत सब स्टेशन का उद्घाटन एक साथ हुआ। लेकिन उद्घाटन के बाद से ही तिलैया सब स्टेशन से विद्युत सप्लाई बंद है। इसे लेकर पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक हरेंद्र सिंह से शिकायत की है। माधव लाल सिंह ने कहा कि करोड़ों की लागत से बनी तिलैया सब स्टेशन संवेदक के लूट खसोट की कहानी बयां कर रही है। उन्होंने बताया कि जीएम से संवेदक के खिलाफ कार्रवाई कर जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति सप्लाई शुरू करने को कहा है। उन्होंने कहा कि साड़म सब स्टेशन का भी यही हाल है। यहां भी जैसे-तैसे बिजली सब स्टेशन का निर्माण कराया गया। बिना जांच पड़ताल के उद्घाटन भी कर दिया गया। जिसका नतीजा है कि जनता इस भीषण गर्मी में बिजली कटौती झेल रह है।

### बेरमो लाके में पानी के लिए त्राहिमाम

**बेरमो।** अपने जमाने के एशिया महादेश का नंबर वन कोल वाशरी की हालात फिलहाल ठीक नहीं है। जो पिछले 3 वर्षों से बंद पड़ी है। परंतु 1 माह पूर्व फिर से वासरी में रखे हुए पुराने कोयले को निकालकर वास करने का कार्य किया जा रहा है जिसमें लगभग 300 वर्कर्स काम कर रहे हैं।

### जलापूर्ति के लिए इको पार्क में लगे ट्रांसफार्मर

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत जलापूर्ति के लिए इको पार्क में लगे ट्रांसफार्मर को फिर एक बार चोरों ने अपना शिकार बनायो ट्रांसफार्मर को खोला अंदर के तांबा पीतल लेकर फरार हुआ। आपको बताते चलें 2 महीना पूर्व भी चोरों ने ट्रांसफार्मर खोलकर चोरी करने का प्रयास किया था पर उस वक्त चोर सफल नहीं हो पाए थे सबसे मजेदार बात बीसीसीएल प्रबंधन एवं प्रशासन अगले बार के चोरी से कुछ शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाए थे पर चोर बहुत कुछ सीखा और इस बार चोरी में सफल रहा। आपको जानकर आश्चर्य होगा इस घटना को अंजाम देने 20 से 25 चोरों को लगभग 3 घंटे का समय लगा होगा।

## पेज 3 का शेष

### गुमला ने बढ़ाया...

**गुमला का चौतरफा विकास :** पिछले सप्ताह ही केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय की ओर से गुमला जिले को पीएम अवार्ड के लिए चुने जाने की घोषणा की थी। शुक्रवार को जब दिल्ली पीएम के हाथों उपायुक्त श्री सुशांत गौरव अवार्ड ले रहे थे, उस समय वेबकास्ट के माध्यम से गुमला जिला मुख्यालय सहित प्रखंड मुख्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक भी इन गौरवपूर्ण क्षणों के ऑनलाइन साक्षी बने। गुमला के सैकड़ों लोगों ने इस अवार्ड कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग को देखा। जनजातीय जनसंख्या बहुल तथा पूर्व में वामपंथ से प्रभावित रहे गुमला जिले में विकास की एक के बाद एक नयी गाथाओं के जुड़ने का सिलसिला जारी है। जिले में रागी मिशन, एनीमिया उन्मूलन, टीवी मुक्ति प्रयास, दिव्यांगता दिव्यांगता कल्याण, खेलकूद प्रतियोगिता, शिक्षा, बांस शिल्पकारों को प्रशिक्षण, टाना भगत समुदाय की बेहतरी, पंचायतों के डिजिटाइजेशन, महिला स्वयं सहायता समूह के उत्थान में जिला का चौतरफा विकास हुआ है।

### जनता से...

**भावी पीढ़ी का विकास आपके कंधे पर :** सीएम ने कहा कि सभी लोक सेवक उन प्रथम पंक्ति के लोग हैं जो चुनौतियों को स्वीकार करते हुए राज्य को आगे ले जाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले सकते हैं। आप सभी लोग वेल ट्रेंड लोग हैं। राज्य की भावी पीढ़ी का विकास आपके कंधों पर है। उन्होंने किसानों की वर्तमान हालात को लेकर चिंता जतायी। विजन के अभाव में लगातार किसान वर्ग के लोग खेतिहर मजदूर बन रहे हैं। राज्य में किसानों की संख्या निरंतर घटती जा रही है। सर्वांगीण विकास की चाह में कहीं न कहीं कुदरती संसाधनों के साथ छेड़-छाड़ करने का गुनाह किया जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर हम विकास की लकीर नहीं खींच सकते हैं। प्राकृतिक संसाधनों के साथ छेड़खानी करने का नतीजा है कि आज बिन मौसम बारिश, बाढ़, भूकंप, जरूरत से ज्यादा गर्मी आदि प्राकृतिक आपदाएं हमारे बीच मंडराती रहती हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सीएम ने झारखंड आईएएस ऑफिसर एसोसिएशन की त्रैमासिक पत्रिका 'पलाश' का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में संजय श्रीवास्तव, प्रशान्त कुमार, उमाशंकर सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। समारोह में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, प्रधान सचिव वंदना डाडेल, कई विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव- सचिव, वन सेवा के पदाधिकारी तथा पुलिस सेवा के पदाधिकारी सहित अन्य लोक सेवक उपस्थित थे।

### ईद आज...

एदार ए शरीया झारखंड के काजीयाने शरीयत, मुफ्तीयाने दीन, उलेमा और जिम्मेदारों ने राज्यवासियों को ईद उल फित्र की हार्दिक बधाई दी है। देश भर में शनिवार को ईद-उल-फितर मनायेगा। देश के विभिन्न हिस्सों में अर्धचंद्र का दीदार हो गया। लखनऊ ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा, आज चांद दिख गया है और कल देश में ईद-उल-फितर मनायी जाएगी। ईद-उल-फितर या ईद अल-फितर इस्लाम के सबसे पवित्र त्योहारों में से एक है। इसे रमजान के महीने भर के उपवास (रोजा) के समाप्त होने के बाद मनाया जाता है। इस्लामिक चंद्र कैलेंडर में नौवां महीना रमजान है, और दसवां शव्वाल है - जिसका अर्थ है उपवास तोड़ने का त्योहार।

### छवि रंजन का आवेदन...

उसे भी टोकन मनी के तौर पर इस डील में एक करोड़ से ज्यादा रुपये मिले थे, जब जमीन पर पूरी तरह से कब्जा हो जाता तब एक और बड़ी रकम के साथ साथ जमीन पर बनने वाले प्रोजेक्ट में भी उसकी हिस्सेदारी होती। इन सभी मामलों पर छवि रंजन से पूछताछ की जानी थी।

### अलकायदा ने...

**गुस्से में असदुद्दीन ओवैसी :** इधर, यूपी के माफिया अतीक अहमद को लेकर असदुद्दीन ओवैसी का एक बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि अतीक अहमद और उसके भाई पर गोली चलाने वाले ने कहा कि हम मशहूर होना चाहते थे...। ये मशहूर होना नहीं है, ये वो ग्रुप है जिसे हम टेरर सेल कहते हैं...। उन्होंने कहा, हम पूछना चाहते हैं कि उनपर यूएपीए क्यों नहीं लगा? उन्हें 8 लाख का हथियार किसने दिया? आप याद रखो कि ये आतंकवादी हैं, ये रेडिक्लाइज हो चुके हैं। ये गोडसे के नक्शे कदमों पर चल रहे हैं।
**प्रयागराज में बढ़ायी गयी सुरक्षा :** प्रयागराज में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। भारी पुलिस फोर्स का में जमावड़ा है। पुलिस के बड़े अधिकारी भी मौजूद हैं। उधर अतीक और अशरफ की हत्या के बाद पुलिस के निशाने पर बमवाज गुड्डू मुस्लिम और शाइस्ता परवीन हैं। दोनों की तलाश में कई पुलिस टीमें लगी हैं। प्रयागराज के साथ ही पड़ोसी जिलों कौशांबी में भी शाइस्ता परवीन की तलाश हो रही है। शाइस्ता परवीन कहीं नहीं दिखाई दी हैं।

# प्रदूषण से त्रस्त एवं पानी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया आउटसोर्सिंग बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**अलकडीहा।** जयरामपुर क्षेत्र में समरसेबुल पंप के खराब हो जाने से पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में पिटवाटर के लिए हाहाकार मचा हुआ है। साथ ही आउटसोर्सिंग परियोजना से बड़े पैमाने पर उड़ रही धूलकण से ग्रामीण का हाल बेहाल हो गया हैं। लोगों का धैर्य जवाब देने के बाद सुबह होते ही क्षेत्र के भड़के ग्रामीण अलग अलग जत्था बनाकर जुलुश कि शक्ल में बीयर कंपनी चौक पर पहुंचकर जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के तत्वाधान में आउटसोर्सिंग कि तथा जयरामपुर भागा कि मुख्य सड़क को जाम कर दिया । सड़क जाम के चलते आउटसोर्सिंग का कार्य एवं कोयले कि ट्रांसपोर्टिंग ठप हो गई। लोगों ने बताया कि परियोजना से बड़े पैमाने पर उड़नेवाली धूलकण जैसी प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर ग्रामीण लगातार आंदोलन कर रही हैं।



बावजूद प्रबंधन अपनी दबंगई के बल पर ग्रामीणों को विस्थापन के लिए जबरन मजबूर कर रही हैं। ग्रामीणों ने कहा कि दो दो विधायको ने क्षेत्र में सभा कर अधिकारियों को विस्थापन एवं प्रदूषण पर रोक लगाने कि हिदायत देने का तनिक भी असर आउटसोर्सिंग प्रबंधन पर असर नहीं पड़ा है। क्षेत्र के समसेर्बुल पंप के खराब हुए दस दिन हो गए हैं जिसके चलते पिट वाटर कि आपूर्ति ठप होने से लोगों में हाहाकार मची हैं। बाध्य होकर क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने पिटवाटर कि तत्काल आपूर्ति करने , तीन नंबर पिट में अतिरिक्त मोटर पंप लगाने एवं उड़ते धूलकण पर रोक लगाने कि मांग को लेकर सड़कजाम कर परियोजना का कामकाज ठप किया गया है। लगभग तीन घंटे तक हुई सड़क जाम कि सूचना पर परियोजना पदाधिकारी एके पाण्डेय एवं विद्युत अभियंता द्वारिका प्रसाद ने आकर आंदोलनकारी लोगों को तत्काल उनकी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वाशन दिया। मौके पर रामबाबू सिंह, रूपक सिन्हा, समरजीत सिंह, दीपक सिंह ,राकेश सिंह, अनिल पासवान, सुनील पासवान, हिरालाल पासवान, भोला भुईयां, सहदेव भुईयां, सुन्दर भुईयां, समाजसेविका प्रतिमा देवी , सोनिया देवी, बेबी देवी, मिना देवी, चिन्ता देवी, रिता देवी आदि थे।

अभूतपूर्व कामकाज के लिए मोदी ने 16वें लोक सेवा दिवस पर दिया प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार, कहा

# बड़े निर्णय केवल राष्ट्रहित में लें

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आजादी के अमृतकाल में युवा नौकरशाहों की भूमिका को सबसे बड़ा करार देते हुए शुक्रवार को कहा उनके छोटे से छोटे तथा बड़े से बड़े निर्णय का आधार केवल राष्ट्रहित होना चाहिए साथ ही उन्हें यह भी ध्यान रखना होगा कि करदाताओं का पैसा देश के विकास में ही इस्तेमाल हो।

**विश्व में भारत की चर्चा :** श्री मोदी ने 16 वें लोक सेवा दिवस पर सभी को शुभकामनानाएं देते हुए कहा कि पूरी दुनिया में भारत की चर्चा हो रही है और सब कह रहे हैं कि भारत का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में भारत आज जहां पहुंचा है, उसने हमारे देश को बहुत ऊंची छलांग के लिए तैयार कर दिया है। मैं अक्सर कहता हूं कि देश में ब्यूरोक्रेसी वहीं है, अधिकारी-कर्मचारी वही हैं, लेकिन परिणाम बदल गए हैं। पिछले 9 वर्षों में भारत अगर विश्व पटल पर एक विशिष्ट भूमिका में आया है, तो इसमें आप सबका सहयोग बड़ा महत्वपूर्ण रहा है।

**विकास की गति मिली :** पिछले 9 वर्षों में अगर देश के गरीब से गरीब को भी सुशासन का विश्वास मिला है, तो इसमें भी आपकी मेहनत रंग लाई है। पिछले 9 वर्षों में अगर भारत के विकास को नई गति मिली है, तो ये भी आपकी भागीदारी के बिना संभव नहीं था।

### पीएम बोले

- लोक सेवक यह जरूर सोचें कि सत्ता में बैठी पार्टियां कहीं सरकारी धन का दुरुपयोग तो नहीं कर रही हैं
- करदाताओं का पैसा देश के विकास में लगायें
- कोरोना के बावजूद आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

कोरोना के महासंकट के बावजूद आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसी स्थिति में भारत की ब्यूरोक्रेसी को एक भी पल गंवाना नहीं है और आपके हर फैसले का आधार केवल राष्ट्रहित होना चाहिए। निर्णय चाहे छोटा हो या बड़ा, आपके लिए कसौटी देशहित ही है। उन्होंने कहा कि आज मैं भारत की ब्यूरोक्रेसी से, भारत के हर सरकारी कर्मचारी से, चाहे वो राज्य सरकार में हो या केंद्र सरकार में, मैं एक आग्रह जरूर करना चाहता हूं। देश ने आप पर बहुत भरोसा किया है, आपको मौका दिया है, उस भरोसे को कायम रखते हुए काम करिए। मैं आपसे अक्सर कहता हूं कि आपकी सर्विस में, आपके निर्णयों का आधार सिर्फ और सिर्फ देशहित होना चाहिए।

श्री मोदी ने नौकरशाहों को सख्त संदेश भी दिया कि नौकरशाहों को फैसले लेते समय यह ध्यान रखना होगा कि किसी भी हालत में किसी भी दल द्वारा करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल दल के हित के लिए नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का बहुत महत्व होता ही है और ये आवश्यक भी है। और ये लोकतंत्र की ब्यूटी है। हर दल की अपनी विचारधारा होती है, संविधान ने हर दल को ये अधिकार दिया है। लेकिन एक ब्यूरोक्रेट के तौर पर, एक सरकारी कर्मचारी के तौर पर अब आपको अपने हर निर्णय में कुछ सवालों का अवश्य ध्यान रखना ही पड़ेगा। जो राजनीतिक दल सत्ता में आया है, वो करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल अपने दल के हित के लिए कर रहा है, या देश के हित के लिए उसका उपयोग कहां हो रहा है? यह आप लोगों को देखना ही होगा दोस्तों। वो राजनीतिक दल, अपने दल के विस्तार में सरकारी धन का उपयोग कर रहा है या फिर देश के विकास में उस पैसे का इस्तेमाल कर रहा है? वो राजनीतिक दल, अपना वोटबैंक बनाने के लिए सरकारी धन लुटा रहा है या फिर सभी का जीवन आसान बनाने के लिए काम कर रहा है? वो राजनीतिक दल, सरकारी पैसे से अपना प्रचार कर रहा है, या फिर ईमानदारी से लोगों को जागरूक कर रहा है? वो राजनीतिक दल, अपने कार्यकर्ताओं को ही विभिन्न संस्थाओं में नियुक्त कर रहा है या फिर सबको पारदर्शी रूप से नौकरी में आने का अवसर दे रहा है।



### फैसले से पहले सवालों को जरूर सोचें

**पीएम ने कहा** आप अपने हर फैसले से पहले इन सवालों के बारे में भी जरूर सोचें। सरदार पटेल जिस ब्यूरोक्रेसी को स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया कहा करते थे, उसी ब्यूरोक्रेसी को उनकी अपेक्षाओं पर भी खरा उतरना है। क्योंकि अब अगर ब्यूरोक्रेसी से चूक हुई, तो देश का धन लुट जायेगा।

## सूडान से भारतीयों को लाने के लिए योजना करें तैयार : प्रधानमंत्री


**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिंसा प्रभावित सूडान में भारतीयों से संबंधित स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने, घटनाक्रम पर करीब से नजर रखने और भारतीयों की सुरक्षा का लगातार मूल्यांकन करने व उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक मोदी ने अधिकारियों को तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य और विभिन्न विकल्पों की व्यवहार्यता को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित निकासी योजनाओं को तैयार करने का भी निर्देश दिया। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सूडान में भारत के राजदूत, वायु सेना और नौ सेना के प्रमुख, विदेश और रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के अलावा वरिष्ठ राजनयिक डिजिटल तरीके से शामिल हुए। सूडान में रह रहे करीब 3,000 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रधानमंत्री ने पिछले सप्ताह गोली लगने से घायल हुए एक भारतीय की मौत पर शोक व्यक्त किया।

## पुंछ में आतंकियों के खिलाफ बड़ा अभियान

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में गुरुवार को हुए एक आतंकवादी हमले में पांच जवानों के शहीद होने के बाद बाटा-डोरिया क्षेत्र के घने जंगल में सुरक्षा बलों ने एक बड़ा तलाश अभियान शुरू किया है। शुक्रवार को इस अभियान में ड्रोन और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल किया गया वहीं एक एमआई हेलिकॉप्टर ने घने वन क्षेत्र की टोह ली। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम ने घटना स्थल का दौरा किया और इलाके और उस वाहन का निरीक्षण किया जिस पर हमला किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि डीजीपी दिलबाग सिंह, एडीजीपी मुकेश सिंह सहित पुलिस और सेना के शीर्ष अधिकारियों ने इस अभियान की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि पूरे इलाके को घेर लिया गया है और आतंकवादियों को खोजने के लिए ड्रोन एवं खोजी कुत्तों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सेना ने कहा है कि हमले में शहीद हुए जवान राष्ट्रीय राइफल्स इकाई के थे और उन्हें इलाके में आतंकवाद रोधी अभियानों के लिए तैनात किया गया था। पुंछ में बृहस्पतिवार को एक आतंकवादी हमले के बाद सेना के वाहन में आग लगने से पांच जवान शहीद हो गए, जबकि एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। सेना ने कहा कि जिस वाहन में जवान यात्रा कर रहे थे, वह अज्ञात आतंकवादियों के हमले की चपेट में आ गया और संभवतः ग्रेनेड की चपेट में आने के कारण उसमें आग लग गई। अधिकारियों के अनुसार नियंत्रण रेखा के पास कड़ी सतर्कता बरती जा रही है और भीम्बर गली-पुंछ मार्ग पर यातायात रोक दिया गया है।

### एक नजर

## मुख्तार की पत्नी के खिलाफ लुकआउट नोटिस



**मऊ।** माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी अफसा अंसारी के खिलाफ शुक्रवार को मऊ पुलिस ने लुक आउट नोटिस (देश छोड़कर जाने पर पाबंदी) जारी किया है। भारत की सभी सीमाओं पर इसकी सूचना भेज दी गई अफसा पर पुलिस ने 25 हजार तो गाजीपुर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उनके गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गई है। क्षेत्राधिकारी नगर धनंजय मिश्रा ने जानकारी बताया कि आईएस-191 का सरगना माफिया मुख्तार अंसारी काफी समय से जेल में बंद है। उसके काली कमाई को उसकी पत्नी द्वारा चलाया जाता है। अफसा ने दो फर्मों की रजिस्ट्रेशन कराया, जो एक मऊ में तो दूसरा गाजीपुर से संचालित होता था। विकास कंस्ट्रक्शन के नाम से मऊ में फर्म का रजिस्ट्रेशन हुआ था, जिसका मालिकाना हक मुख्तार के दो साले हैं। उस फर्म के जरिए दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के रैनी गांव में कुछ सरकारी व दलितों की जमीन को अपने दबंगई के माध्यम से लिखवाई थी। उसी जमीन पर भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का गोदाम बनाकर करोड़ों रुपया सालाना किराया आता था। इसकी सूचना जब प्रशासन को लगी तो प्रशासन ने जांच करा कर कब्जा मुक्त कराया और मुख्तार अंसारी की पत्नी व सालों को खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया।

## प्रकाश सिंह बादल अस्पताल में भर्ती

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के संरक्षक प्रकाश सिंह बादल को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद मोहाली स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि चिकित्सकों द्वारा 95 वर्षीय बादल की स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रखी जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया कि यह जानकर चिंतित हूं कि दिग्गज नेता श्री बादल अस्वस्थ हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। श्री सुखबीर सिंह बादल जी के साथ उनके स्वास्थ्य के बारे में टेलीफोन पर चर्चा की। मैं ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। बादल को रविवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## ब्रिटेन के डिप्टी पीएम राब ने दिया इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री एवं न्याय राज्य मंत्री डॉमिनिक राब ने शुक्रवार को कहा कि उनके (श्री राब) खिलाफ लगे नागरिक सेवकों के प्रति अनुचित व्यवहार के आरोपों की जांच के बाद मैंने इस्तीफा देने का फैसला किया है। गौरतलब है कि फरवरी के अंत में श्री राब ने कहा था कि अगर उनके अनुचित व्यवहार के आरोप सही साबित हुए तो वह इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि एडम टॉली केसी द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट मिलने के बाद, मैं आपकी सरकार से इस्तीफा देने के लिए लिख रहा हूं। मैंने जांच की मांग की और धमकी देने का कोई निष्कर्ष निकलने पर इस्तीफा देने का वचन दिया था।

## सूडान में 72 घंटे के संघर्ष विराम का एलान

**खार्तूम।** अफ्रीकी देश सूडान में अर्द्धसैनिक समूह, रैपिड सपोर्ट फोर्सेस ने 72 घंटे के संघर्ष विराम की घोषणा की है। यह घोषणा करीब एक सप्ताह के भीषण संघर्ष के बाद हुई है। इस संघर्ष में 350 लोग मारे गए और हजारों लोग देश छोडकर चले गए थे। सूडान में पिछले कई दिनों से जारी अर्धसैनिक और सेना रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच युद्ध दिन प्रतिदिन और घातक होता जा रहा है, जो देश-विदेश के आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

## अतीक-अशरफ के करीबियों के 800 मोबाइल बंद

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद सर्विलांस में लगे लगभग तीन हजार मोबाइल फोन में से 800 बंद हो गए हैं। इनका डेटा खंगाला जा रहा है। इसके साथ ही अतीक की बीवी शाइस्ता परवीन की तलाश में पुलिस ने प्रयागराज में छापामारी तेज कर दी है। पुलिस ने अतीक अहमद और अशरफ के के करीबियों की जानकारी जुटाने के लिए लगभग 3000 मोबाइल फोन सर्विलांस में लगाए थे। पुलिस का कहना है कि अतीक व अशरफ की हत्या के बाद लगभग 800 मोबाइल फोन अचानक बंद कर दिए गए। इस बीच 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन की तलाश में पुलिस ने प्रयागराज में छापामारी तेज कर दी है।दो दिन उसकी कौशाम्बी जनपद में तलाश की गई। ड्रोन की भी मदद ली गई, लेकिन वह नहीं मिली।

# गोधरा के आठ दोषियों को जमानत

एजेंसी

**2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड के चार दोषियों को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने किया इनकार**

**ट्रेन की एस-6 बोगी में आग लगने से 59 की हुई थी मौत**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड में आजीवन कारावास की सजा पाए आठ लोगों को जमानत दे दी। ट्रेन की बोगी को आग लगाए जाने के बाद पूरा गुजरात सांप्रदायिक हिंसा की चपेट में आ गया था। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने उन्हें राहत देते हुए इस बात पर ध्यान दिया कि वे कितना समय जेल में बिता चुके हैं और उनकी अपीलों के जल्द ही निस्तारण के लिए लिए जाने की संभावना नहीं है। पीठ ने कहा कि हम निर्देश देते हैं कि दोषियों को सत्र न्यायालय द्वारा लगाए गए नियमों और शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाए। शीर्ष अदालत ने हालांकि चार दोषियों को जमानत देने से इनकार कर दिया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा घटना में उनकी भूमिका को उजागर करते हुए उनकी जमानत याचिकाओं का विरोध किया गया था। जिन



याचिकाकर्ताओं की जमानत याचिका खारिज हुई थी उनकी तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने पीठ से उनकी अर्जियों पर सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि कल त्योहार है। गुजरात सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले मेहता ने पहले कहा था कि यह केवल पथराव का मामला नहीं है, क्योंकि दोषियों ने साबरमती एक्सप्रेस की एक बोगी में आग लगा दी थी जिससे 59 यात्रियों की मौत हो गई थी। सजा के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में कई याचिकाएं लंबित हैं। गुजरात के गोधरा में 27 फरवरी 2002 को ट्रेन की एस-6 बोगी में आग लगाए जाने से 59 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद राज्य के कई हिस्सों में दंगे भड़क उठे थे। उच्च न्यायालय ने अक्टूबर 2017 के अपने फैसले में गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में 11 दोषियों को दी गई मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। उसने 20 अन्य को दी गई उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा था।

## अमिताभ बच्चन समेत कई हस्तियों के ट्विटर खाते से 'ब्लू टिक' हटा

**नीतीश, ममता, योगी, शिंदे सहित कई मुख्यमंत्रियों ने सत्यापन निशान खो दिये**

**नयी दिल्ली।** अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और सलमान खान से लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कई अन्य भारतीय हस्तियों के ट्विटर खाते से ब्लू टिक हट गया है। ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क ने ट्विटर खाते को सत्यापित करने वाले प्रतिष्ठित ब्लू टिकनिशान के लिए 650 रुपये प्रति महीने सदस्यता शुल्क का प्रावधान किया है। इसका भुगतान नहीं करने वालों के खातों से यह निशान हटाया जा रहा है। ट्विटर ने गुरुवार को हजारों हस्तियों, राजनेताओं और पत्रकारों के खाते से सत्यापन चिन्ह को हटाना शुरू कर दिया। ब्लू टिक को रसूख का प्रतीक माना जाता था, लेकिन अक्टूबर में 44 अरब डॉलर में ट्विटर को खरीदने वाले मस्क ने सत्यापन के लिए वेब पर 650 रुपये और मोबाइल उपकरणों पर 900 रुपये का मासिक शुल्क लेने का फैसला किया। सोशल मीडिया मंच सालाना 6,800 रुपये का रियायती पैकेज भी दे रहा है। मस्क ने पहले कहा था कि जो लोग भुगतान नहीं करेंगे, उनका निशान चला जाएगा। जिन लोगों के खातों में अब ब्लू टिक नहीं है, उनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी शामिल हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कई अन्य मुख्यमंत्रियों ने भी अपने सत्यापन निशान खो दिए हैं। क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने भी ब्लू टिक खो दिया। उनके ट्विटर पर 3.86 करोड़ फॉलोअर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रियों के साथ ही भाजपा और कांग्रेस सहित राजनीतिक दलों के ट्विटर हैंडल पर विट्रिफाइड निशान दिखाई दे रहे हैं।

## रिलायंस ने मार्च तिमाही में कमाया 19,299 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड मुनाफा

**नयी दिल्ली।** देश की अग्रणी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 19 प्रतिशत बढ़कर 19,299 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का यह अब तक का सर्वाधिक तिमाही लाभ है। रिलायंस ने शुक्रवार शाम को जनवरी-मार्च 2023 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना शेयर बाजारों को भेजी। इसके मुताबिक, एक साल पहले की समान तिमाही में उसने 16,203 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी एवं अंतिम तिमाही में परिचालन राजस्व भी एक साल पहले के 2.11 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2.16 लाख करोड़ रुपये हो गया। समूचे वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का शुद्ध लाभ 66,702 करोड़ रुपये जबकि कुल राजस्व लगभग नौ लाख करोड़ रुपये रहा।

## शो क्रिकेट लाइव में नजर आयेंगी प्रियंका

**मुंबई।** वैश्विक आइकन प्रियंका चोपड़ा और गोल्डन ग्लोब नामांकित रिचर्ड मैडेन स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव में नजर आयेंगे। दोनों सितारे स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव में अपनी आगामी ग्लोबल ओरिजिनल सीरीज सिटाडेल को प्रमोट करने के लिए मौजूद रहेंगे। सिटाडेल के मुख्य कलाकारों और स्टार स्पोर्ट्स के टैलेंट इरफान पठान और टॉम मूडी के बीच की बातचीत दर्शकों को लुभायेगी। देश भर में प्रशंसक 21, 22 और 23 अप्रैल को आईपीएल 2023 के मैचों की अगुवाई में विशेष सेगमेंट देख सकते हैं और 28 अप्रैल को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर ग्राउंड-ब्रेकिंग ग्लोबल सीरीज, सिटाडल देख सकते हैं।















